## स्पीड न्यूज

### सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने हरिहरगंज सीओ का प्रभार लिया



**हरिहरगंज पलामू।** सहायक समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी पलामू रवि कुमार ने गुरुवार को हरिहरगंज के बीडीओ का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने पदभार सौंपा ।वही निवर्तमान बीडीओ ने नए बीडीओ को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने बताया कि प्रखंड में स्वच्छ और निष्पक्ष प्रशासनिक सेवा उपलब्ध कराया जाएगा। वही अंचल पदाधिकारी तथा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में कामेश्वर वेदीया ने पदभार ग्रहण किया। वही पदवार ग्रहण के बाद कामेश्वर वेदीया ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा की।

### भारतीय डाक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न



मेदिनीनगर। भारतीय डाक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक प्रधान डाकघर कार्यालय में हुई। बैठक में कहा गया कि पोस्टमैन एमटीएस पलामू मंडल के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और 15 सदस्यों केचुनाव की अग्रिम घोषणा हुई थी। जिसमें कर्मचारी संघ के पदाधिकारी, सदस्य व डाककर्मियों ने निर्विरोध सर्वसम्मति से चुनाव किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सर्कल सेक्रेटरी युगेश्वर दास, पोस्टल ग्रेड 3 के मुख्य नेता इंद्रजीत पांडेय, सुधीर सिंह, निरीक्षक अमर प्रताप सिंह, उत्तम कुमार, सुभाषचंन्द्र पाण्डेय, पर्यवेक्षक सरोज कुमार सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे। पर्यवेक्षक सरोज कुमार सिंह ने बताया कि सभी लोग एकजुट होकर रहे। सुभाष चंद्र पाण्डेय ने बताया कि एकता में ही बल है। पुराने पदाधिकारी को अंग वस्त्र और उपहार देकर सुधीर सिंह एवं अमित उपाध्याय को सम्मान के साथ विदा किया गया। मौके पर अध्यक्ष अशरफी प्रजापति, उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, मनोज तिवारी, सुशील कुमार सिंह, उपसचिव उत्तम कुमार, धीरज तिवारी जितेंद्र प्रसाद, अध्यक्ष रविंद्र पांडे संगठन मंत्री अब्दुल आसिफ अंसारी, जेनिफा तिर्की, नीतीश कुमार, सुबोध प्रसाद, सार्थक कुमार, बली प्रसाद, हेमंत रजक निर्मल कुमार, सुमन कुमार, विश्वकर्मा सिंह, गुलाल राम, हिमांशु कुमार ज्ञान प्रकाश रवि कुमार अन्य में सभी एमटीएस पोस्टमैन मौजूद थे।

### निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा को लेकर 28 को गढ़वा पहुंचेंगे मुकेश सहनी



उंटारी रोड पलामू। निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा को लेकर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी आगामी 28 अक्टूबर को गढ़वा पहुचेंगे। जहां पलामू प्रमंडल के पच्चीस हजार निषादो, अतिपिछड़ों को रामासाहु उच्च विद्यालय के मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी वीआईपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रो राजकुमार चौधरी ने दी है। उन्होंने बताया कि जनसभा ग्यारह बजे से शुरू होकर तीन बजे तक चलेगा। संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर वीआईपी के प्रधान कार्यालय के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रो राजकुमार चौधरी को मुख्य प्रभारी जबकि चरण केवट, ब्रह्मदेव चौधरी, दामोदर चौधरी, भरदुल चौधरी, सरोज चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, सुमेर चौधरी, शिवकुमार चौधरी को सह प्रभारी बनाया गया है। चौधरी ने संकल्प यात्रा को सफल बनाने में अधिक से अधिक निषादों को कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है।

### फोरलेन बाईपास पर हादसे में 1 की मौत



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर-हरिहरगंज फोरलेन बाईपास पर सड़क हादसे में विनोद उरांव की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। इसे लेकर परिजन व ग्रामीणों ने रात को ही एनएच 98 पथ सरईडीह मोड़ व बाईपास रोड जाम कर दिया। मृतक विनोद व वाहन पर सवार राजेंद्र चंद्रवंशी मंगलवार बाजार कर छतरपुर से अपने गांव मसीहानी जा रहे थे। इसी क्रम में नये सड़क बाईपास से क्रॉसिंग पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये। युवक की घटना के बाद लोगों ने पथ जाम कर दिया। जामकर्ता ने सड़क निर्माण पर सवाल करते हुए आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में उपेक्षा की गई है। जहां ओवरब्रीज की जरूरत नहीं थी वहां ओवरब्रीज बनाया गया। जामकर्ताओं ने टायर जलाकर व प्रशासन के विरूद्ध नारेबाजी कर विरोध जताया। जाम की जानकारी मिलने पर छतरपुर पुलिस दलबल के सास्थ जामस्थल पर पहुंची। इसकी जानकारी अनुमंडल प्रशासन को दी गई। अनुमंडल प्रशासन लोगों को समझाकर जाम हटवाया। जामकर्ताओं ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने, घटना में शामिल दोषी को गिरफ्तार करने, सड़क निर्माण में हुए जनआंकाक्षों को उपेक्षा नहीं करने समेत कई मांग की। सड़क निर्माण पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सिलदाग से लेकर हरिगंज तक फोरलेन पर बाईपास में दुर्घटना होती रहती है। मौके पर छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार, बीडीओ अशोक कुमार, अंचल निरीक्षक हरि राम समेत पुलिस बल शामिल थे। सभी ने मृतक के परिजन को मुआवजा दिलाने की बात कही।

### 10 लोगों पर बिजली चोरी का मामला दर्ज

**चैनपुर पलामू।** बिजली विभाग के सहायक अभियंता दामोदर कुमार रंजन ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ एक टीम गठित कर मेदनीनगर निगम क्षेत्र के शाहपुर सेमरटाड़ कल्याणपुर में छापामारी अभियान चलाया इससे 10 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए। उनके खिलाफ चैनपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। दर्ज प्राथमिकी में मोतीलाल मालाह, नलिन चंद्र कुमार, कलावती देवी, पप्पू कुमार वर्मा,राजेश कुमार राम, विजय भुईयां,अजय प्रसाद, कविता देवी, सोमनाथ साव एवं चैनपुर दबगर मोहल्ला के नीरा देवी का नाम शामिल है। बिजली चोरी करने वालों के ऊपर जुमार्ना के साथ-साथ बिजली छतिपूर्ति का प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। छापामारी अभियान में इश्तियाक अंसारी, फिरदौस अली,सत्यनारायण प्रसाद ,मंजूर खान, कृष्णा पासवान आदि लोग शामिल थे।

### विश्रामपुर के महान विभूति महाबीर प्रसाद पांडेय की मनायी गयी 13 वीं पुण्यतिथि



**बिश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर के महान विभूति महाबीर प्रसाद पांडेय की 13 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। पुण्यतिथि के मौके पर स्थानीय लोगो ने उन्हें ह्रदय से नमन किया। स्व महाबीर प्रसाद पांडेय को नम आंखों के बीच श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। महाबीर प्रसाद पांडेय के स्मृति व सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व पांडेय के चित्र पर माल्यार्पण कर के किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि स्व महाबीर प्रसाद पांडेय ने विश्रामपुर मुख्यालय में कई शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करायी थी। जिसके चलते स्थानीय लोग उन्हें विश्रामपुर का गांधी भी कहते थे। स्व पांडेय के पुत्र सह समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि उनके पिता ने अपना पूरा जीवन विश्रामपुर की भलाई में लगा दिया थे। मौके पर थाना प्रभारी शशि रंजन, जनता उच्च विद्यालय के प्रचार्य भोला राय, नागेश्वर मिश्रा, कृष्ण मिश्रा, सुरेश पाठक, उमेश पाठक, कुलदीप साव सहित कई लोग मौजूद थे।

### हुसैनाबाद के मजदूर की श्रीलंका में हुई मौत

**हुसैनाबाद पलामू।** ऊपरी कला पंचायत अंतर्गत भगवान विघा गांव से श्रीलंका में मजदूरी करने गए युवक का ह्रदय गति रुकने से मौत हो गयी। मृतक स्व रामस्वरूप राम के पुत्र युगल राम 33 वर्ष श्रीलंका में स्टील प्लांट काम करने गया था। 11 अक्टूबर को श्रीलंका अशोक पीएमटी कंपनी युगल राम काम करने जा रहे थे तभी अचानक रास्ते मे तबियत खराब हुई उनके सहयोगियों ने अस्पताल लेकर जाने लगे जहां रास्ते ही उनकी मौत हो गयी।

## तरहसी बीईईओ और बीआरसी के रात्रि प्रहरी के खिलाफ विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने खोला मोर्चा, कहा

# बीआरसी में हर साल 50 लाख की हेराफेरी, कार्रवाई के नाम पर वसूली करते हैं बीईईओ



पांकी विधायक को बीईईओ के खिलाफ आवेदन देते ग्रामीण।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने तरहसी-मनातू के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साहू और तरहसी बीआरसी में अवैध रूप से कब्जा जमाए रात्रि प्रहरी आफताब आलम पर कई संगीन आरोप लगाए हैं। इस संबंध में मनातू के दर्जनों विद्यालय के प्रबंध समिति के पदाधिकारी ने शिकायत दर्ज कराया है। विधायक डॉ मेहता ने बताया कि आफताब आलम मनातू में रात्रि प्रहरी है, लेकिन तरहसी बीआरसी में मालिक बनकर काम करता है। विधायक ने आरोप लगाया है कि तरहसी-मनातू प्रखंड क्षेत्र के 75 प्रतिशत विद्यालयों में एमडीएम के राशन, विद्यालय प्रबंधन की सामग्री, रंग रोगन की सामग्री, खेल कूद की सामग्री, पोशाक की खरीद, बेंच डेस्क की सामग्री, टीएलएम की सामग्री, कस्तूरबा मनातू एवं अन्य कस्तूरबा विद्यालय में सभी प्रकार की सामग्री की आपूर्ति तरहसी बीआरसी के रात्रि प्रहरी आफताब आलम के माध्यम से ही एमएस निशा ट्रेड्स के द्वारा किया जाता है। जिसमें रात्रि प्रहरी आफताब आलम और अत्ताउल्लाह अंसारी एमएस निशा ट्रेड्स व अन्य नाम से विद्यालय को गलत बिल रसीद तैयार कर निशा ट्रेड्स के खाते में पैसा भेजा जाता है। इन सभी से कमीशन 30 प्रतिशत वसूला जाता है। जिसमें 10 प्रतिशत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, 10 प्रतिशत रात्रि प्रहरी आफताब आलम व 10 प्रतिशत अत्ताउल्लाह अंसारी इसी प्रकार आपस में कमीशन का पैसा बटवारा करते हैं। सामान की खरीद बिक्री पर कमीशन के लेनदेन में रात्रि प्रहरी आफताब आलम की अग्रणी भूमिका रहती है। विधायक डॉ मेहता ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना खेलो झारखंड में विद्यालय से बच्चों को प्रखंड एवं जिला तक जाने के लिए परिवहन और ड्रेस की व्यवस्था करना था, मगर इस फंड को बचाकर पैसे को बंदर बांट कर लिया गया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साहू द्वारा कार्रवाई के नाम पर वसूली की जाती है। साथ ही कर्मियों का भयादोहन किया जाता है। विधायक डॉ. मेहता ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साहू पर आरोप लगाया है कि रात्रि प्रहरी आफताब आलम को बीपीओ की तौर पर कार्य कराया जाता है, जबकि अन्य कर्मियों को नजर अंदाज कर दिया जाता है, ताकि कमीशन के इस खेल में कम ही लोग शामिल हो। जिससे मामला उजागर न हो सके। पूरे मामले को लेकर पांकी विधायक के द्वारा पलामू उपायुक्त शशि रंजन से कार्रवाई करने की मांग की गई है। विधायक में बताया कि भ्रष्टाचार की प्रकरण मामले की कार्रवाई को लेकर मुख्य सचिव को पत्र लिखा जाएगा। इधर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामेश्वर शाह ने कहा कि लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। शिकायत करने वालों में मनातू के उमेश यादव, रंजीत यादव, नवल किशोर प्रसाद, अजय यादव, दिलीप मेहता का नाम शामिल है। प्रेस वार्ता में विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता उपस्थित थे।

### राशि निकासी के बाद भी नहीं खरीदा गया बेंच डेस्क

मनातू प्रखंड के भीतडीहा के ग्रामीणों के शिकायत के बाद पांकी विधायक डॉ मेहता ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा भीतडीहा स्कूल के शिक्षक धनंजय यादव पर आरोप लगाया गया है कि सरकार के द्वारा विद्यालय में बेंच डेस्क खरीदने के लिए राशि आवंटन किया गया था। लेकिन विद्यालय के शिक्षक धनंजय यादव के द्वारा पैसे की निकासी कर ली गए लेकिन आज तक बेंच डेस्क नहीं खरीदा गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि पूरे मामले को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से शिकायत की गई मगर उनके द्वारा मामलों की लीपापोती कर दी गई।

# विश्रामपुर वुशू एसोसिएशन का हुआ गठन, डॉ ईश्वर बने अध्यक्ष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीयू विश्वविद्यालय में खेलो इंडिया खेलो झारखंड के वुशु एसोशिएशन की बैठक हुई।

बैठक में वुशु एसोसिएशन का गठन कर सर्वसम्मति से विवि के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी को अध्यक्ष व डॉ नजरुल हक को सचिव बनाया गया। साथ ही खेलो इंडिया खेलो झारखंड के राष्ट्रिय प्रशिक्षक डॉ अज्जो सिद्धिकी के द्वारा डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को वुशु एसोशिएशन का संबद्धता पत्र दिया गया।

मौके पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि हमारा प्रयास होगा की वुशू मार्शल आर्ट खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक उन्हें अपना आर्ट दिखाने में 'पूरा सहयोग रहेगा तथा समाज में बढ़ रहे अपराध को देखते हुये विद्यार्थियों को आत्माक्षा हेतु शिक्षा के साथ-साथ कराटे तथा बाक्सिंग का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, संतोष गुप्ता, राजू केशरी सहित कई लोग मौजूद थे।

# जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर डीएमओ की कार्रवाई जारी, फर्जी चलान पर खनिज ढो रहे दो हाइवा जब्त

वाहन मालिक, चालक और संलिप्त व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज

### फर्जी चालान बनाना काफी संवेदनशील मामला, दोषियों पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/हरिहरगंज।** जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक मे जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार द्वारा कार्रवाई लगातार जारी है। डीएमओ ने सरकारी दस्तावेज से छेड़छाड़ करके फर्जी चालान बना कर पत्थर चिप्स ले जा रहे दो हाइवा मालिक एवं चालक पर हरिहरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी है एवं ऐसे कार्य में संलिप्त सभी व्यक्तियों को अविलंब चिन्हित करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया है। उपयुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकारी दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ कर फर्जी चलान बनाना काफी संवेदनशील मामला है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फर्जी चालान बनाने वालों की जांच की जा रही है एवं इस कार्य में संलिप्त व्यक्ति किसी भी कीमत पर बख्सें नहीं जाएगें।

#### फर्जी चलान बनाने का ऐसे हुआ खुलासा

अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के दिए गए निर्देश के आलोक में हरिहंगज चेकनाका के पास अंचलाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान वाहन संख्या जेएच 02 एटी-1843 एवं वाहन संख्या जेएच 03 क्यू-0562 पर पत्थर चिप्स ले जाते पाया गया। जिसके बाद प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के द्वारा वाहन चालक से कागजात की मांग की गयी। वाहन चालक द्वारा उपलब्ध कराए गए कागजात को देखने के बाद शक हुआ जिसके बाद हाइवा को चिप्स समेत जब्त कर थाने में लाया गया।

अंचलाधिकारी के द्वारा जांच को लेकर जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दी गयी। डीएमओ के द्वारा जेम्स पोर्टल पर जांच किया गया तो पाया कि ई-परिवहन चलान 25 दिन पूर्व का है, जबकि वाहन संख्या जेएच 03क्यू- 0562 द्वारा उपलब्ध कराया गया चलान पूर्ण रूप से फर्जी पाया गया। जिस पर डीएमओ ने अविलंब कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक और चालक पर हरिहरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी।

## नौडीहा बाजार : रास्ते में पानी जमा होने से आवागमन में हो रही परेशानी



**नौडीहा बाजार (यतीश पाठक)।** प्रखंड के नामुदाग राजकीय मध्य विद्यालय के बगल में स्थित प्रखंड संकुल संसाधन केंद्र जो नौडीहा बाजार प्रखंड का शिक्षा विभाग का कार्यालय है यहां रास्ते पर पानी होने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। बरसात में तो लोगों को काफी फजीहत होती है। विद्यालय के बच्चों शिक्षक एवं प्रखंड संकुल संसाधन केंद्र के कर्मियों को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बीपीओ कृष्णकांत द्विवेदी ने बताया कि बरसात शुरू होते ही यह कार्यालय पानी में तब्दील हो जाता है जिससे यहां पर काफी आने-जाने में कठिनाइयां होती हैं और बच्चों का शिक्षा ग्रहण करने में भी कठिनाइयां होती है। यह समस्या काफी दिनों से चला आ रहा है जबकि इसके बगल में नदी भी है और प्रखंड संघ का संकुल संस्थान केंद्र और विद्यालय होने के बावजूद यहां आने जाने के लिए सुलभ रास्ता नहीं है। वह किसी निजी मालिक का है जिसके कारण यह होल है। धान की खेती भी लगा रहता है यहां तक की कर्मियों को अपनी गाड़ी बाइक लगाने में भी काफी कठिनाई होती है। कई बार प्रखंड कार्यालय के द्वारा उपायुक्त को पत्र भी लिखा गया है मगर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि प्रखंड संकुल संसाधन केंद्र शिक्षा विभाग का एक महत्वपूर्ण कार्यालय है साथ ही साथ बगल में राजकीय मध्य विद्यालय भी है जो प्रतिदिन इस प्रखंड के शिक्षक लोग और कर्मी आते जाते हैं। साथ ही बच्चों के अभिभाव को भी रास्ते में पानी जमा होने से डर बना रहता है।

## खेल से खिलाड़ियों में होता है ऊर्जा का संचार : डीडीसी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में स्थानीय पुलिस स्टेडियम में दो दिवसीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने बैलून उड़ाकर खेल समारोह का उदघाटन किया। इसकी अध्यक्षता व स्वागत भाषण जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने किया। खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। जबकि शिक्षक परशुराम तिवारी ने संचालन किया। उदघाटन सत्र में सभी प्रखंडों के एथलीटों ने कस्तूरबा सतबरवा एवं लेस्लीगंज के बैंड पार्टी के साथ मार्च पास्ट किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रवि आनंद ने कहा कि शारीरिक व मानसिक दृढ़ता के लिए खेल जरूरी है। खेल हमें सफलता में नियंत्रित रहने एवं असफलता को हैंडल करने की सीख देता है। खेल से नकारात्मकता नष्ट होती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेन्द्र तिवारी,जीतवाहन उरांव,एपीओ जान मुथू,एडीपीओ उदय कुमार सिंह,बीपीओ डॉ मनोज तिवारी,अनु सिंह, रोहित कुमार, ओमकार पाठक, विकास दूबे, शादाब खान, राजीव सिंह, सुनील यादव, आमोद सिन्हा, अतुल अखौरी, नीरज, संतोष, मृत्युंजय, लक्ष्मी कुमारी, रंजना कुमारी, विद्या कुमारी, अजय कुमार रवि, सतीश तिवारी, सब्या, साकेत शुक्ला, प्रदीप मेहता, आलोक तिवारी, जयराम, बच्चन कुमार पंकज व मो इदरीश सहित अनेक शिक्षाकर्मियों ने भूमिका निभाई।

### बच्चे का कुआं से शव बरामद, हत्या की आशंका



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के पिपरा घाघरा गांव में स्थित एक जीर्णशीर्ण अवस्था में पड़े कुआं से बच्चे का शव बरामद किया गया है। इसकी पहचान लंगुराही गांव निवासी नंदकेश्वर भुईयां के 8 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतक के स्वजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के परिजनों के अनुसार बुधवार की शाम पड़ोस में ही रहनेवाले पिपरा घाघरा गांव निवासी युगेश भुईयां का पुत्र 22 वर्षीय संदीप भुईयां बच्चे को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। देर शाम तक घर नहीं लौटने के बाद स्वजन उसकी खोजबीन करने लगे। इसी क्रम में आसपास के लोगों ने कुआं में कुछ गिरने की आवाज सुनाई देने की बात कही। ग्रामीणों ने पंप के सहारे रात्रि में ही कुआं के पानी को सूखाया तब जाकर घंटों मशक्कत के बाद गुरुवार के अहले सुबह शव निकाला गया। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने बच्चे को साथ ले गये युवक की जमकर पिटाई की। सूचना के बाद एसआई अनूप कुमार, निरंजन कुमार, एएसआई संजय कुमार सिंह, मनोज कुमार दास मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हुसैनाबाद भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही बच्चे की मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बावजूद पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

### प्रसव के दौरान हुई मंगरा ग्राम के महिला की मौत



पाटन पलामू। पाटन थाना क्षेत्र के मंगरा ग्राम निवासी क्रम भुइयां की 20 वर्षी पत्नी सरतिमां देवी की मौज प्रसव के दौरान हो गई। समाचार के अनुसार महिला अपने ससुराल से गर्भावस्था में अपने मायके कुंदरी आई थी। बीती रात सहिया सुधा देवी ने सरतिमा देवी के परिवारवालों को प्रलोभन देकर प्रसव के लिए सगुना नर्सिंग होम ले गयी। वहां डा नौशाद आलम के द्वारा ऑपरेशन के बाद महिला का दो जुड़वां बच्चा हुआ। उसके बाद महिला को ब्लीडिंग शुरू हो गयी। इसके बाद डॉक्टर द्वारा महिला का दोबारा ऑपरेशन किया गया और बच्चेदानी निकाला गया। इसके बाद महिला की स्थिति काफी गंभीर हो गई। चिकित्सक ने महिला को मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने महिला को मेदिनीनगर ईलाज के लिए ले जा रहे थे तभी रास्ते में महिला की मौत हो गयी। इसके बाद परिजनों ने शव को कुंदरी ले गये। घटना की सूचना पाकर जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह ने मृतक महिला के घर जाकर मामले की जानकारी ली। सिंह ने परिजनों को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पाटन पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया। इधर मृतक के परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

### मुखिया की निगरानी में हो डीलर का राशन उठाव

पाटन पलामू। पाटन मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष ने डोर स्टेप डिलिवरी संवेदक संजय सिंह को आवेदन जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का राशन मुखिया के निगरानी में कराने की मांग की है। प्रखंड अध्क्ष ने कहा कि मुखिया संघ की बैठक में बार बार यह मामला उठता है। राशन का उठाव संबंधित पंचायत के मुखिया के सामने किया जाये। इससे राशन वितरण में पूर्णरूप से पारदर्शिता होगा। ग्रामीणों को सही समय पर राशन के उठाव का लाभ मिलेगा। गोदाम से समय पर राशन दिया जा रता है इसके बावजूद लाभूकों में वितरण नहीं कि जाना गलत है। इसका अनुपालन नहीं किया गया तो गोदाम से उाव बंद करा दिया जायेगा।

## विधायक ने पुल, पुलिया, सड़क और कई चेकडैम की स्वीकृति दिलाई : एनसीपी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** एनसीपी प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने गुरुवार को हरिहरगंज में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि जपला नहर मोड़ से पिपरा होते हुए दुबटिया एनएच 98 तक करीब 16 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद कुछ लोग वाहवाही लेने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पुल, पुलिया, सड़क और कई चेकडैम की स्वीकृति दिलाई है। उन्होंने कहा कि विधायक अपने कार्यकाल में क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़कों की स्थिति सुधारने में जुटे हैं। इस वर्ष कई सड़कों की प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने का काम किया है। कुछ का टेंडर भी हो चुका है। पीपरा क्षेत्र की होलेया से पुनपुन उद्गम स्थल होते बनाडीह तक, पीडब्ल्यूडी रोड से कलीपुर तक, कुलहिया पंचायत के लादी बादी शिकारपुर पुल, तेंदुआ से हल्का तक सड़क निर्माण, तुरी पंचायत के बटाने नदी पर अर्धनिर्मित पुल कार्य के अलावा दर्जनों सड़क पुल पुलिया के निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके अलावा अनेक गांवों में विधायक कोटा से योजनाओं पर काम हुआ है।

## दुर्गा पूजा को लेकर बरसाईता में हुई बैठक, रामप्रवेश मेहता बने अध्यक्ष



विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 15 के बरसाईता गांव में ग्रमीणों की एक बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता राजकुमार मेहता व संचालन संजय कुमार ठाकुर ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धूम-धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा के सफल आयोजन तथा संचालन हेतु कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से रामप्रवेश मेहता को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। जबकिं मोती महतो व सुरेंद्र मेहता को उपाध्यक्ष, सुनील महतो को सचिव व प्रदीप मेहता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं बिनोद चौरसिया, राजकुमार मेहता,संजय कुमार ठाकुर,रविरंजन मेहता,धर्मेंद्र मेहता व सुधीर मेहता को कमेटी का संरक्षक मनोनीत किया गया। इसके अलावा 21 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया। जिसमे सचितानंद मेहता,रामशीष मेहता, अर्जुन महतो, सुरेश मेहता, नारद मेहता, परशुराम मेहता, अजय मेहता, मनोज मेहता, पवन मेहता, दीपक मेहता, राकेश मेहता, अवधेश मेहता, राजीव मेहता, अखिलेश मेहता सहित कई युवाओ का नाम शामिल है।

# रामकृष्ण मिशन आश्रम के ब्रह्मचारी चैतनरू राजीव जी महाराज ने किया स्कूलों का भ्रमण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री रामकृष्ण मां शारदा सेवा समिति मेदिनीनगर में रामकृष मिशन आश्रम मोराबादी रांची के द्वारा राज्यस्तरीय वार्षिक प्रतियोगिता नया भारत गढ़ो विषय पर आयोजित की जायेगी। जिसमें झारखंड सरकार शिक्षा परियोजना के निदेशक किरण कुमार पासी व राज्यपाल के ओएसडी मुकुलेश चंद्र नारायण जूडिसियल के द्वारा क्लास तीन के विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में शामिल करने का निर्देश दिया गया है। प्रतियोगिता का थिम स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर आधारित नया भारत गढ़ो होगा। सभी स्कूल के बच्चे शिक्षक व सभी के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ है। इसमें भाग लेनेवाले सभी प्रतिभागियों को ऑन लाईन सर्टिफिकेट व सफल प्रतिभागियों को फर्स्ट, सेकेंड व थर्ड को क्रमशः पांच हजार, तीन हजार व दो हजार रूपये स्वामी विवेकानंद के युवा दिवस 12 जनवरी को प्रदान की जायेगी। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 10 नवंबर है। यह प्रतियोगिता जिला स्तर पर दिसंबर के प्रथम और द्वितीय सप्ताह में और स्टेट स्तर पर तीसरा और चौथा सप्ताह के अंत में जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगा। मौके पर रामकृष्ण मिशन आश्रम के ब्रह्मचारी चैतनरू राजीव जी महाराज, आशुतोष कुमार का दो दिवसीय यात्रा में संस्था के अध्यक्ष राजदेव उपाध्याय, दुर्गेश सिंह सभी स्कूलों का भ्रमण कर प्राचार्य से बच्चों को प्रतियोगिता में शामिल कराने का आग्रह किया गया। इसमें हेरिटेज स्कूल के प्रार्चा बीजू, एलिट स्कूल के प्राचार्य अनिल पांडेय, एलिट बीएड कॉलेज, गुरूकुलम स्कूल के निर्देशक सतवीर सिंह, डीएवी स्कूल के प्राचार्य जेएन खान, रोटरी आनंद शंकर स्कूल के प्राचार्य, रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक विमल, समेत कई स्कूल के प्राचार्य व विद्यार्थियों के साथ असेंबली में प्रतियोगिता संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही शिक्षा परियोजना प्राधिकार के एडीपीओ उदय, एनपीयू के कुलपति डॉ तपन शांडिल्य के साथ बैठक कर प्रतियोगिती सफलता पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, बीपी डीएवी स्कूल के प्राचार्य डा अजय चौबे, आरके पब्लिक स्कूल जिला शिक्षा परियोजना पदाधिकारी के एडीपीओ गायत्री देवी से मुलाकात कर सभी स्कूल व कॉलेज को पत्र निर्गत कर कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह कया गया।

### सदर बीडीओ के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

# कर्मियों और जनता से मिले सम्मान को आजीवन भूल नहीं पायेंगे : अमिताभ भगत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर बीडीओ अमिताभ भगत के स्थानांतरण पर सदर प्रखंड कार्यालय में बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति एवं प्रखंड कमीयों के द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बीडीओ अमिताभ का स्थानांतरण पश्चिमी सिंहभूम जिला के चाईबासा में किया गया है। 20 सूत्री प्रतिनिधि मंडल ने नवनियुक्त अंचल अधिकारी सह बीडीओ नवदीप सिंह बल्होत्रा को भी शॉल देकर स्वागत किया। इस मौके पर बीडीओ अमिताभ भगत ने कहा कि तमाम 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सभी कार्यरत कर्मी व ग्रामीण लोगों का सहयोग एवं प्यार हमेशा यादगार बना रहेगा। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने कहा कि स्थानांतरित बीडीओ अपने कर्तव्य के प्रति जवाबदेह थे। नव नियुक्त अंचल अधिकारी अमरदीप सिंह बल्होत्रा ने बीडीओ का प्रभार लेते एवं सभी से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि स्थानांतरित बीडीओ की खीची गई विकास की लकीरों को बरकरार रखेंगे। लाभुकों का पुरा हक दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। प्रेम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि स्थानांतरण एक प्रक्रिया है जिसे अवसर के रूप में लेते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होता है। मौके पर उपस्थित प्रेम प्रकाश ठाकुर, सदस्य जतरू उरांव, श्याम उरांव, सुमित वर्मा ,इंदेश प्रजापति, फतेह अहमद, आरजू तमन्ना, विनय त्रिपाठी, गोपाल विश्वकर्मा, खुशबू सिंह, सभी पंचायत सेवक रोजगार सेवक एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# तीन साल की मासूम बच्ची को तालाब में फेंका, मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो जिले के बेरमो स्थित तरमी रेलवे साइडिंग से मानवीय संवेदना को तार-तार करने वाली एक खबर आ रही है, जहां तालाब में एक बच्ची को फेंक दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई. बच्ची के शव को चंद्रपुरा पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में चंद्रपुरा थाना के एसआई संतोष कुमार ने बताया कि बच्ची को तालाब में फेंकने वाली महिला की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही इस घटना का खुलासा कर लिया जाएगा। बच्ची की उम्र महज तीन साल के करीब बताई जा रही है।

**क्या है पुरा मामला :** मिली जानकारी के अनुसार, लगभग 10:30 बजे दिन में एक महिला लाल रंग की साड़ी पहने हुए आती है और लगभग 3 साल की एक बच्ची को तालाब में फेंक कर भाग जाती है। इस घटना को दूसरे छोर पर स्नान कर रहे कुछ युवक देख लेते हैं। वे दौड़कर इस छोर आते हैं और बच्ची को बचाने का प्रयास करते हैं, लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो गई थी। वहीं, युवकों ने बच्ची को फेंकने वाली महिला को भी पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन महिला जंगल की ओर भाग गई।युवकों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाना चंद्रपुरा को दी। इसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस अपनी कार्यवाही में जुट गई है।

# वेदांता ईएसएल आर्चरी एकेडमी के तीरंदाज हुए सम्मानित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो जिला तीरंदाजी संघ ने सर्किट हाउस बोकारो में आयोजित सम्मान समारोह में 15वें राज्य टूनामेंट में पदक जीतने वाले वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के सात तीरंदाज आरती कुमारी चितरंजन टुडू यवना यादव सप्तमी कुमारी सुहाना परवीन तन्नु कुमारी और बानी कुमारी सहित अन्य तीरंदाजों को टूनार्मेंट में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

इन तीरंदाजों ने उक्त टूनार्मेंट में 16 गोल्ड, 1 सिल्वर और 4 ब्रोंज सहित 21 पदक जीते हैं। आरती कुमारी और चितरंजन टुडू को आगामी राष्ट्रीय खेलों में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने की योग्यता के लिए धनुष सेट से भी सम्मानित किया गया।

## चंदा को लेकर व्यवसायी के साथ मारपीट, मारवाड़ी समाज सिटी एसपी से मिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** दुर्गा पूजा का चंदा मांगने आए युवाको ने एक व्यवसाय के साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना सीसीटीवी में कैद हुआ है। घटना धनबाद जिले के धनसर थाना क्षेत्र के अनुग्रह नगर का बताया जा रहा है।

घटना के संबंध में भुक्तभोगी सुनील कुमार पोद्दार ने धनसार थाने में लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। भुक्तभोगी सुनील कुमार पोद्दार ने अपने आवेदन मे लिखा है की बुधवार की सुबह करीब 8:40 बजे मैं अपने घर पर था तभी दरवाजे पर किसी ने आवाज दी। थोड़ी देर पर जब मैं अपने दुकान जाने के लिए



निकला तो देखा की मेरे घर के बाहर मनीष सिंह और उसके साथ दो अन्य लडके खडे थे। जिनको देखने से मैं पहचान जाऊंगा। इन लोगों ने मुझे जबरन रंगदारी और दुर्गा पूजा का चंदा की मांग की। जिसका विरोध करने पर इन लोगों के द्वारा अचानक मेरे उपर पहले हाथ से फिर जूता से उसके बाद वहाँ रखे बांस डंडा से हमला कर दिया। मैं किसी तरह जान बचाकर अपने घर की ओर भागा और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। उसके बाद भी इन लोगों के द्वारा हमारे दरवाजे पर लाठी डंडा से हमला करते हुए भद्दी भद्दी गलियां देते हुए घर से बाहर निकलने के लिए ललकारने लगे, पूरी घटना मेरे घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। इस घटना से मेरा पूरा परिवार काफी डरा सहमा है। घटना के दूसरे दिन गुरुवार को मारवाड़ी समाज और जिला चैंबर के सदस्यों ने दोषियों पर अभिलंब गिरफ्तारी की मांग करते हुए धनबाद सिटी एसपी से मिले। सिटी एसपी ने घटना से जुड़े आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

# जीएनएम दुर्गा पूजा का जिले में अलग पहचान, 23 वर्षों से हो रही है पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** कोयलांचल में धनबाद जिले का कतरास में होने वाला दुर्गा पूजा न सिर्फ धनबाद जिला बल्कि आसपास के राज्यों में भी काफी मशहूर है। बताते चले कि श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाई स्कूल मैदान कतरास बाजार में होने वाला दुर्गा पूजा पिछले 23 वर्षों से हो रहा है। वर्ष 2001 में कतरास के सामाजिक युवक स्व अरविंद चौरसिया (वकील), बिनोद रजक ललित अग्रवाल, सुरेश जयसवाल शंकर हजारी आदि के द्वारा यह पूजा मात्र 36000 रुपए में शुरू की गई थी । जिसका आज का बजट लगभग 15 से 20 लाख रुपया है।

**समिति को जिले मे कई बार मिल चुका है प्रथम द्वितीय स्थान :** बताते चले कि इन 23 वर्षों में जीएनएम दुर्गा पूजा समिति ने कई उतार और चढ़ाव देखे हैं। लेकिन कतरास की लोगों की पूजा के प्रति आस्था और समिति के कार्यकताओं के पूजा के प्रति लगन ने इस पूजा को शिखर तक पहुंचाया है। धनबाद जिला प्रशासन, रोटरी क्लब और नगर निगम के द्वारा आकर्षक पंडाल बेहतर सफाई व्यवस्था, विद्युत सज्जा और शांति व्यवस्था के लिए समिति को कई बार प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। पिछले वर्ष 2022 में जीएनएम दुर्गा पूजा समिति का पंडाल को जिले में सबसे बड़ा पंडाल का गौरव प्राप्त हुआ था।

**10 दिनों तक चलता है पूजा और मेला :** शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा जीएनएम के द्वारा कलश स्थापना के साथ आरंभ होकर लखी पूजा तक 10 दिनों तक पूजा का आयोजन किया जाता है। ग्रामीण परिवेश होने के कारण मेले में दूर दराज के ग्रामीण माताएं बहने मेला देखने के लिए आती है और पूजा का आनंद लेती है। इस वर्ष कमेटी में अध्यक्ष शंकर जायसवाल सचिव मुकेश भट्ट एवं कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौरसिया है। इसके अलावा सैकड़ो कार्यकर्ता महीना भर पहले से पूजा की तैयारी में जी- जान से लग जाते हैं, और पूजा की सफलता को मुकाम तक पहुंचाते हैं। समिति के सचिव मुकेश भट्ट ने अखबार के माध्यम से जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि जीएनएम पूजा फोर लेन के बगल में होता है इसलिए प्रशासन विशेष रूप से फोरलेन में लाइटिंग की व्यवस्था करें, और पुलिस बल तैनात कर वाहनों की गति पर थोड़ा ब्रेक लगाने का प्रयास करे,ताकि कोई अनहोनी न हो।

### भक्तों के स्वागत के लिए तैयार है पूजा समिति



### इस वर्ष भी भव्य पूजा का हो रहा है आयोजन

इस वर्ष भी समिति के द्वारा भव्य पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पंडाल मोर महल की आकृति का बनाया जा रहा है जिसे केंदुआ के अखिलेश चौहान के द्वारा बनाया जा रहा है। वही लाइट का काम बाघमारा के आरसी लाइट के द्वारा किया जा रहा है और मूर्ति का निर्माण अमित और नर्सिंह के द्वारा किया जा रहा है। बताते चले कि नियम पूजा समिति के द्वारा भव्य पूजा और मेला का आयोजन तो होता ही है इसके साथ ही मां की पूजा भी पूरी श्रद्धा, भक्ति और विधि विधान के साथ संपन्न होती है। जिसके लिए पश्चिम बंगाल से खासतौर पर प्रत्येक वर्ष पंडित जी को आमंत्रित किया जाता है। दुर्गा पूजा ढाक बाजा के बिना अधूरा है इसलिए ढाक बाजा भी पश्चिम बंगाल से प्रत्येक वर्ष मंगया जाता है।

## एक नजर में

## भाजयुमो का जनसमस्याओं को लेकर 14 अक्टूबर को रणधीर वर्मा चौक पर धरना

**धनबाद।** गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर जिलाअध्यक्ष अमलेश सिंह के तत्वाधान में गाँधी सेवा सदन में प्रेस वार्ता किया गया। धनबाद की जर्जर सड़क, पानी - बिजली की समस्या, ट्रैफिक जाम, बदहाल स्ट्रीट लाईट की समस्या जिले में विकराल रूप ले चुकी है। स्थानीय समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द नही होने पर भाजयुमो जोरदार आंदोलन करेगा। उक्त बातें गुरुवार को भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह ने गांधी सेवा सदन में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही।

## मानव सेवा ट्रस्ट ने सामाजिक सहायता अभियान के तहत की बुजुर्गों की सेवा

**धनबाद।** मानव सेवा ट्रस्ट, सिनीडीह, टुंडू अपने विभिन्न सामाजिक कार्यों के तहत लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में बुजुर्गो को बैठने को सुविधा के लिए बीस कुर्सियां एवं चार टेबल, तथा रोजमर्रा के आवश्यक वस्तुएं प्रदान किए। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सभी ने आश्रम के हर एक बुजुर्गों से अलग-अलग बातें कर उनकी दिल की बातें सुनी और जरूरतों को समझा।

## राजद कार्यालय सिंदरी में मनी डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि

**सिंदरी।** देश में गैर कांग्रेसवाद की अलख जगाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ राम मनोहर लोहिया की 56 वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय सिंदरी में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर धनबाद जिला महासचिव शिवजी यादव ने कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया समाजवादी विचारधारा के नेता थे। उन्होंने हमेशा दबे, कुचले, शोषित और पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए आगे आए। समाज के प्रति अच्छा काम करने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया। उनके साथ अन्य वक्ताओं ने भी उनके जीवन पर अपने विचार रखे।

## ट्रेन की चपेट में आने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

चिरकुंडा। कुमारधुबी स्टेशन के पश्चिम स्थित बराकर रेलवे पुल के अप रेलवे लाइन में बुधवार की रात्री अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से 55 वर्षिय व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। कुमारधुबी जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु धनबाद भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो पाई है।

## पुलिस ने गैसकटर, सिलिंडर व कटे हुए लोहा का टुकड़ा बरामद किया

**चिरकुंडा।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र स्थित कुमारधुबी कोलियरी के बंद पड़े पंप हाउस के पास गुरूवार को अहले सुबह चिरकुंडा पुलिस ने चोरी की जाने वाली गैसकटर के सिलिंडर व कटे हुए लोहा का एक बड़ा टुकड़ा बरामद किया। थाना प्रभारी सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि सुबह पांच बजे के आसपास गुप्त सूचना मिली कि कुमारधुबी कोलियरी के रेलवे फाटक के समीप कतिपय लोगों द्वारा गैस कटर लगाकर बंद पंप हाउस में लोहा काटा जा रहा है उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए गस्ती दल को भेजा लेकिन पुलिस को देखते ही चोर भाग खड़े हुए। चोर को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है जल्द ही चोर को पकड़ लिया जाएगा।


प्रपत्र VII

## समाहरणालय, गढ़वा

### (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या 898/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 07/10/2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना हुर मोड़ (गढ़वा–शाहपुर) पथ से डालटनगंज सीमा होते हुए डुमरिया डंडा तक पथ (कुल लम्बाई 19.00 कि0मी0) हेतु ग्राम–डुमरिया, थाना नं0–292, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा सदर, जिला–गढ़वा में कुल :– **3.472** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **3.472** एकड़ है और जो ग्राम–डुमरिया, थाना नं0–292, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा सदर, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भुखंड से) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 57 | 71 | रैयती | टॉड 2 | 0.0140 | भोला प्रसाद शुक्ल व सामा शुक्ल व सुरेन्द्रनाथ शुक्ल पिता–स्व0 राम बेलाश शुक्ल | 71 | सड़क | 72 | 69 |
| 2 | 56 | 72 | रैयती | टॉड 2 | 0.0130 | भोला प्रसाद शुक्ल व सामा शुक्ल व सुरेन्द्रनाथ शुक्ल पिता–स्व0 राम बेलाश शुक्ल | 72 | सड़क | 73 | 79 |
| 3 | 104 | 73 | रैयती | टॉड 2 | 0.0190 | ललनचन्द तिवारी पिता–स्व0 अमरदेव तिवारी | 73 | सड़क | 290 | 72 |
| 4 | 42 | 107 | रैयती | टॉड 2 | 0.0110 | लल्लू साव व मूल साव पिता–स्व0 राजकेश्वर साव | 107 | सड़क | 99 | मगीया |
| 5 | 87 | 99 | रैयती | टॉड 2 | 0.0310 | जगदीश तिवारी वगै0 पिता–स्व0 महेन्द्रनाथ तिवारी | सड़क | 99 | 87 | 107 |
| 6 | 21 | 87 | रैयती | टॉड 2 | 0.125 | सुमेर तिवारी पिता–स्व0 घुटन तिवारी व गोरख तिवारी पिता–स्व0 मंगलकिशोर तिवारी व बैद्यनाथ तिवारी पिता–राम निरंजन तिवारी | सड़क | 87 | 86 | 99 |
| 7 | 59 | 86 | रैयती | टॉड 2 | 0.0130 | उमेश तिवारी वगै0 पिता–स्व0 गिरवर तिवारी व मनोज तिवारी वगै0 पिता–स्व0 शिव सागर तिवारी | सड़क | 86 | 85 | 87 |
| 8 | 1 | 147 | रैयती | टॉड 2 | 0.0160 | मनोरमा देवी पति–श्री योगेन्द्रनाथ तिवारी | सड़क | 147 | 289 | 75 |
| 9 | 1 | 147 | रैयती | टॉड 2 | 0.0320 | श्री निर्मलचन्द्र शुक्ला वगै0 पिता–स्व0 बसंत शुक्ला | | | | |
| 10 | 1 | 290 | रैयती | – | 0.0145 | अखिलेश्वर तिवारी पिता–स्व0 अवधेश तिवारी | 290 | सड़क | 288 | 43 |
| 11 | 1 | 290 | रैयती | – | 0.0095 | प्रतिमा देवी पति–माह्वाज तिवारी | | | | |
| 12 | 1 | 290 | रैयती | – | 0.0085 | बसंत मिश्रा व दिलीप मिश्रा व नागेन्द्र मिश्रा | | | | |
| 13 | 91 | 288 | रैयती | – | 0.0160 | चिन्ता देवी पति–बसंत मिश्रा | 288 | सड़क | 287 | 290 |
| 14 | 91 | 287 | रैयती | – | 0.0150 | चिन्ता देवी पति–बसंत मिश्रा | 287 | सड़क | 286 | 288 |
| 15 | 22 | 286 | रैयती | – | 0.0120 | बसंत मिश्रा पिता–स्व0 बच्चु मिश्रा | 286 | सड़क | 264 | 287 |
| 16 | 8 | 264 | रैयती | – | 0.0120 | दिलीप मिश्रा पिता–स्व0 बलीराम मिश्रा | 264 | सड़क | 263 | 286 |
| 17 | 4 | 263 | रैयती | – | 0.0130 | श्रीकान्त मिश्रा पिता–स्व0 युगेश्वर मिश्रा | 263 | सड़क | 261 | 264 |
| 18 | 4 | 263 | रैयती | – | 0.0150 | संजय मिश्रा व सुनिल मिश्रा | | | | |
| 19 | 42 | 757 | रैयती | – | 0.0100 | भानु प्रताप शुक्ल पिता–स्व0 रामेश्वर शुक्ल | 757 | सड़क | 756 | 758 |
| 20 | 46 | 801 | रैयती | – | 0.0420 | हिकेश शुक्ल व मुनेश्वर शुक्ला पिता–स्व0 त्रिवेणी शुक्ला व उमाशंकर शुक्ला व विजयकान्त शुक्ला पिता–स्व0 लोकनाथ शुक्ला व निर्मलचन्द्र शुक्ला वगै0 पिता–स्व0 बसंत शुक्ला व उत्तम शुक्ला पिता–स्व0 पुरूषोतम शुक्ला | 801 | सड़क | 702 | 760 |
| 22 | 21 | 802 | रैयती | – | 0.0480 | राधेश्याम शुक्ला पिता–स्व0 आदित्य शुक्ला व कृष्ण शुक्ला पिता–स्व0 सत्यनारायण शुक्ला | 802 | सड़क | 803 | 801 |
| 23 | 4 | 803 | रैयती | – | 0.0410 | श्याम बिहारी तिवारी पिता–स्व0 इन्द्रदेव तिवारी | 803 | सड़क | 804 | 802 |
| 24 | 46 | 866 | रैयती | – | 0.1760 | नवरंग तिवारी पिता–स्व0 शिवशंकर तिवारी व नन्दगोपाल तिवारी पिता–स्व0 रामलखन तिवारी | 866 | सड़क | कमता | 867 |
| 25 | 21 | 289 | रैयती | – | 0.0180 | मनोरमा देवी पति–श्री योगेन्द्रनाथ तिवारी | सड़क | 289 | 156 | 147 |
| 26 | 21 | 289 | रैयती | – | 0.0160 | रविन्द्र ठाकुर व सतेन्द्र ठाकुर पिता–दयानन्द ठाकुर | | | | |
| 27 | 71 | 156 | रैयती | – | 0.0130 | बंसत मिश्रा पिता–स्व0 बच्चु मिश्रा व नागेन्द्र मिश्रा पिता–स्व0 कृष्णा मिश्रा व विष्णुदेव मिश्रा पिता–स्व0 कृष्णा मिश्रा व नवीन मिश्रा पिता–स्व0 बलराम मिश्रा व जितेन्द्र मिश्रा पिता–स्व0 बलराम मिश्रा | सड़क | 156 | 157 | 289 |
| 28 | 71 | 158 | रैयती | – | 0.0160 | बंसत मिश्रा पिता–स्व0 बच्चु मिश्रा व नागेन्द्र मिश्रा पिता–स्व0 कृष्णा मिश्रा व विष्णुदेव मिश्रा पिता–स्व0 कृष्णा मिश्रा व नवीन मिश्रा पिता–स्व0 बलराम मिश्रा व जितेन्द्र मिश्रा पिता–स्व0 बलराम मिश्रा | सड़क | 158 | 159 | 157 |
| 29 | 30 | 159 | रैयती | – | 0.0070 | बंसत मिश्रा पिता–स्व0 बच्चु मिश्रा व नागेन्द्र मिश्रा पिता–स्व0 कृष्णा मिश्रा व विष्णुदेव मिश्रा पिता–स्व0 कृष्णा मिश्रा व नवीन मिश्रा पिता–स्व0 बलराम मिश्रा व जितेन्द्र मिश्रा पिता–स्व0 बलराम मिश्रा | सड़क | 159 | 160 | 158 |
| 30 | 33 | 160 | रैयती | – | 0.0190 | बंसत मिश्रा पिता–स्व0 बच्चु मिश्रा व नागेन्द्र मिश्रा पिता–स्व0 कृष्णा मिश्रा व विष्णुदेव मिश्रा पिता–स्व0 कृष्णा मिश्रा व नवीन मिश्रा पिता–स्व0 बलराम मिश्रा व जितेन्द्र मिश्रा पिता–स्व0 बलराम मिश्रा | सड़क | 160 | 163 | 159 |
| 31 | 46 | 755 | रैयती | – | 0.0070 | नवरंग तिवारी पिता–स्व0 शिवशंकर तिवारी व नन्दगोपाल तिवारी पिता–स्व0 रामलखन तिवारी | सड़क | 755 | 887 | 664 |
| 32 | 97 | 887 | रैयती | – | 0.0680 | अखिलेश्वर तिवारी पिता–स्व0 अवधेश तिवारी | सड़क | 887 | 886 | 705 |
| 33 | 1 | 877 | रैयती | – | 0.0510 | श्याम बिहारी तिवारी व मुनेश्वर तिवारी पिता–स्व0 इन्द्रदेव तिवारी व शैलेश तिवारी पिता–स्व0 छोटन तिवारी | सड़क | 877 | 876 | 886 |
| 34 | 71 | 876 | रैयती | – | 0.0140 | श्याम बिहारी तिवारी व मुनेश्वर तिवारी पिता–स्व0 इन्द्रदेव तिवारी व शैलेश तिवारी पिता–स्व0 छोटन तिवारी | सड़क | 876 | 874 | 877 |
| 35 | 33 | 874 | रैयती | – | 0.0790 | श्याम बिहारी तिवारी व मुनेश्वर तिवारी पिता–स्व0 इन्द्रदेव तिवारी व शैलेश तिवारी पिता–स्व0 छोटन तिवारी | सड़क | 874 | 873 | 876 |
| 36 | 97 | 873 | रैयती | – | 0.1710 | श्याम बिहारी तिवारी व मुनेश्वर तिवारी पिता–स्व0 इन्द्रदेव तिवारी व शैलेश तिवारी पिता–स्व0 छोटन तिवारी | सड़क | 83 | 871 | 874 |
| 37 | 97 | 873 | रैयती | – | 0.1500 | जनेश्वर शुक्ल पिता–स्व0 वृंदावन शुक्ला व नर्वदेश्वर शुक्ल व हरिनारायण शुक्ला व प्रेम सागर शुक्ला व दिनेश शुक्ला पिता–स्व0 सुमन्त शुक्ला | | | | |
| 38 | 33 | 871 | रैयती | – | 0.0160 | जनेश्वर शुक्ल पिता–स्व0 वृंदावन शुक्ला व नर्वदेश्वर शुक्ल व हरिनारायण शुक्ला व प्रेम सागर शुक्ला व दिनेश शुक्ला पिता–स्व0 सुमन्त शुक्ला | सड़क | 871 | 870 | 873 |
| 39 | 33 | 871 | रैयती | – | 0.0530 | उमेश पनेरी व कमेश पनेरी व रमेश पनेरी पिता–स्व0 बिलाश पनेरी | | | | |
| 40 | 97 | 870 | रैयती | – | 0.1250 | नवरंग तिवारी पिता–स्व0 शिवशंकर तिवारी व नन्दगोपाल तिवारी पिता–स्व0 रामलखन तिवारी | सड़क | 870 | कमता | 871 |
| 41 | 64 | 213 | रैयती | – | 0.0160 | विन्ध्याचल तिवारी पिता–स्व0 बदरी तिवारी | सड़क | 213 | 227 | 163 |
| 42 | 76 | 225 | रैयती | – | 0.0030 | विन्ध्याचल तिवारी पिता–स्व0 बदरी तिवारी | सड़क | 225 | 224 | 226 |
| 43 | 7 | 804 | रैयती | – | 0.0350 | श्याम बिहारी तिवारी पिता–स्व0 इन्द्रदेव तिवारी | 804 | सड़क | 808 | 803 |
| 44 | 101 | 805 | रैयती | – | 0.0410 | मुनेश्वर तिवारी पिता–इन्द्रदेव तिवारी | 805 | सड़क | 806 | 804 |
| 45 | 1 | 608 | रैयती | – | 0.0050 | संजय तिवारी व प्रहलाद तिवारी पिता–स्व0 रामा तिवारी | | | | |
| 46 | 1 | 808 | रैयती | – | 0.1470 | नवरंग तिवारी पिता–स्व0 शिवशंकर तिवारी व नन्दगोपाल तिवारी पिता–स्व0 रामलखन तिवारी | 804 | सड़क | 808 | 803 |
| 47 | 16 | 809 | रैयती | – | 0.0290 | नवरंग तिवारी पिता–स्व0 शिवशंकर तिवारी व नन्दगोपाल तिवारी पिता–स्व0 रामलखन तिवारी | 809 | सड़क | 868 | 808 |
| 48 | 4 | 868 | रैयती | – | 0.0570 | संजय तिवारी व प्रहलाद तिवारी पिता–स्व0 रामा तिवारी | 868 | सड़क | 864 | 809 |
| 49 | 4 | 868 | रैयती | – | 0.0670 | ललनचन्द तिवारी पिता–स्व0 | | | | |
| 50 | 1 | 864 | रैयती | – | 0.0420 | ललनचन्द तिवारी पिता–स्व0 | 864 | सड़क | 867 | 868 |
| 51 | 1 | 867 | रैयती | – | 0.0540 | नवरंग तिवारी पिता–स्व0 शिवशंकर तिवारी व नन्दगोपाल तिवारी पिता–स्व0 रामलखन तिवारी | 867 | सड़क | 866 | 861 |
| 52 | 42 | 607 | रैयती | – | 0.0160 | प्रेमवती देवी पति–मुनेश्वर शुक्ला | 607 | सड़क | 608 | 280 |
| 53 | 46 | 660 | रैयती | – | 0.0280 | हरिनारायण शुक्ल पिता–स्व0 रामेश्वर शुक्ल | 660 | सड़क | 661 | 663 |
| 54 | 74 | 83 | रैयती | – | 0.0370 | गोपाल तिवारी व नन्दलाल तिवारी पिता–स्व0 करीमन तिवारी व रामजग तिवारी पिता–स्व0 मुरारी तिवारी व उमेश तिवारी पिता–स्व0 गिरवर तिवारी व मनोज तिवारी पिता–स्व0 शिव सागर तिवारी | सड़क | 83 | 82 | 85 |
| 55 | 64 | 82 | रैयती | – | 0.0975 | राजकीयकृत गोवाल उच्च विद्यालय, डुमरिया | सड़क | 82 | 80 | 83 |
| 56 | 64 | 82 | रैयती | – | 0.0325 | श्याम बिहारी तिवारी व मुनेश्वर तिवारी पिता–स्व0 इन्द्रदेव तिवारी व शैलेश तिवारी पिता–स्व0 छोटन तिवारी | | | | |
| 57 | 78 | 81 | रैयती | – | 0.0710 | भुनेश्वर तिवारी वगै0 पिता–स्व0 रामप्रीत तिवारी व रामचन्द्र तिवारी वगै0 पिता–स्व0 रामजबीत तिवारी | सड़क | 81 | 80 | 82 |
| 58 | 21 | 80 | रैयती | – | 0.1580 | अखिलेश्वर तिवारी वगै0 पिता–स्व0 अवधेश तिवारी | सड़क | 80 | 79 | 82 |
| 59 | 104 | 79 | रैयती | – | 0.0430 | गोपाल तिवारी व मुरारी तिवारी व नन्दलाल तिवारी पिता–स्व0 करीमन तिवारी | सड़क | 79 | 76 | 80 |
| 60 | 74 | 76 | रैयती | – | 0.0130 | ज्ञानी ठाकुर पिता–स्व0 भिखारी ठाकुर | सड़क | 76 | 85 | 79 |
| 61 | 74 | 76 | रैयती | – | 0.0120 | सुमित्री देवी पति–श्री पुरूषोतम तिवारी | | | | |
| 62 | 74 | 76 | रैयती | – | 0.0080 | विष्णुदेव तिवारी पिता–सीताराम तिवारी | | | | |
| 63 | 1 | 75 | रैयती | – | 0.0260 | विष्णुदेव तिवारी पिता–सीताराम तिवारी | सड़क | 75 | 147 | 76 |
| 64 | 93 | 22 | रैयती | – | 0.0050 | जनार्दन तिवारी पिता–स्व0 इश्वर दयाल तिवारी | 22 | सड़क | 27 | 19 |
| 65 | 93 | 22 | रैयती | – | 0.0130 | रामचन्द्र तिवारी पिता–स्व0 रामकुमार तिवारी | | | | |
| 66 | 93 | 22 | रैयती | – | 0.0100 | पुसोतम तिवारी पिता–स्व0 रामकुमार तिवारी | | | | |
| 67 | 93 | 22 | रैयती | – | 0.0050 | रमेश तिवारी पिता–स्व0 रामकुमार तिवारी | | | | |
| 68 | 93 | 22 | रैयती | – | 0.0050 | विष्णुदेव तिवारी पिता–सीताराम तिवारी | | | | |
| 69 | 93 | 22 | रैयती | – | 0.0100 | जनार्दन तिवारी पिता–स्व0 इश्वर दयाल तिवारी | | | | |
| 70 | 93 | 22 | रैयती | – | 0.0100 | राम प्रवेश तिवारी पिता–स्व0 सालीग्राम तिवारी | | | | |
| 71 | 93 | 22 | रैयती | – | 0.0180 | योगेन्द्रनाथ तिवारी पिता–स्व0 सालीग्राम तिवारी | | | | |
| 72 | 93 | 22 | रैयती | – | 0.0590 | रामनिवास तिवारी पिता–स्व0 सालीग्राम तिवारी | | | | |
| 73 | 93 | 22 | रैयती | – | 0.0250 | नन्द गोपाल तिवारीपिता स्व0 ठाकुर तिवारी व रामनाथ तिवारी पिता स्व0 हरिहर तिवारी | | | | |
| 74 | 93 | 22 | रैयती | – | 0.0150 | हाई स्कूल | | | | |
| 75 | 21 | 27 | रैयती | – | 0.0240 | राम प्रवेश तिवारी पिता–सालीग्राम तिवारी | 27 | सड़क | 28 | 22 |
| 76 | 59 | 28 | रैयती | – | 0.0200 | राम निवास तिवारी पिता–स्व0 सालीग्राम तिवारी | 28 | सड़क | 31 | 27 |
| 77 | 59 | 28 | रैयती | – | 0.0270 | जनार्दन तिवारी पिता–स्व0 इश्वर दयाल तिवारी | | | | |
| 78 | 59 | 28 | रैयती | – | 0.0250 | विष्णुदेव तिवारी पिता–सीताराम तिवारी | | | | |
| 79 | 59 | 31 | रैयती | – | 0.1000 | बालमिकी तिवारी व उग्रसेन तिवारी व अनिल तिवारी | 31 | सड़क | 63 | 28 |
| 80 | 59 | 31 | रैयती | – | 0.0500 | राम निवास तिवारी पिता–स्व0 सालीग्राम तिवारी | | | | |
| 81 | 59 | 31 | रैयती | – | 0.0100 | जनार्दन तिवारी पिता–स्व0 इश्वर दयाल तिवारी | | | | |
| 82 | 59 | 31 | रैयती | – | 0.0100 | विरेन्द्र तिवारी पिता–स्व0 प्रेमस्वरी तिवारी | | | | |
| 83 | 59 | 31 | रैयती | – | 0.0300 | योगेन्द्रनाथ तिवारी पिता–स्व0 सालीग्राम तिवारी | | | | |
| 84 | 59 | 31 | रैयती | – | 0.0250 | राम निवास तिवारी पिता–स्व0 सालीग्राम तिवारी | | | | |
| 85 | 59 | 31 | रैयती | – | 0.0170 | योगेन्द्रनाथ तिवारी पिता–स्व0 सालीग्राम तिवारी | | | | |
| 86 | 59 | 31 | रैयती | – | 0.0220 | उग्रसेन तिवारी पिता–स्व0 रामदास तिवारी | | | | |
| 87 | 59 | 31 | रैयती | – | 0.0220 | नाहर | | | | |
| 88 | 85 | 63 | रैयती | – | 0.0810 | निर्मलचन्द शुक्ल पिता–स्व0 बसंत शुक्ल | 63 | सड़क | 64 | 31 |
| 89 | 49 | 64 | रैयती | – | 0.0270 | नित्यानन्द तिवारी व सतेन्द्र तिवारी व रविन्द्र तिवारी पिता–स्व0 महेश तिवारी | 64 | सड़क | 68 | 63 |
| 90 | 64 | 68 | रैयती | – | 0.0350 | प्रहलाद तिवारी पिता–स्व0 रामा तिवारी | 68 | सड़क | 69 | 64 |
| 91 | 64 | 68 | रैयती | – | 0.0110 | रविन्द्र तिवारी वगै0 पिता–स्व0 सुखदेव तिवारी व देवेन्द्र तिवारी वगै0 पिता–स्व0 राजेश्वर तिवारी व सतेन्द्र तिवारी पिता–स्व0 अमरदेव तिवारी | | | | |
| 92 | 59 | 69 | रैयती | – | 0.0180 | राम प्रवेश तिवारी पिता–सालीग्राम तिवारी | 69 | सड़क | 71 | 68 |
| 93 | 59 | 69 | रैयती | – | 0.0180 | नागेन्द्र तिवारी पिता–स्व0 शिवदान तिवारी | | | | |
| 94 | 59 | 69 | रैयती | – | 0.0150 | रमेश तिवारी पिता–स्व0 रामकुमार तिवारी | | | | |
| 95 | 59 | 69 | रैयती | – | 0.0070 | रामनिवास तिवारी पिता–स्व0 सालीग्राम तिवारी | | | | |
| 96 | 1 | 290 | रैयती | – | 0.0145 | भुनेश्वर तिवारी पिता–स्व0 जयराम तिवारी व नन्दलाल तिवारी पिता–स्व0 मदन मोहन तिवारी | | | | |
| 97 | 21 | 87 | रैयती | – | 0.1210 | गोपाल तिवारी व नन्दलाल तिवारी पिता–स्व0 करीमन तिवारी व रामजग तिवारी पिता–स्व0 मुरारी तिवारी व उमेश तिवारी पिता–स्व0 गिरवर तिवारी व मनोज तिवारी पिता–स्व0 शिव सागर तिवारी | | | | |
| | | | | | 3.4720 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–डुमरिया, थाना नं0–292, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 309008 Land Reforms (23-24)_D

## स्पीड न्यूज

### राज्यपाल को किया गया आमंत्रित



घाघरा। बदरी ग्राम में 17 नवंबर को स्व कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उन्हें अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। पूर्वी क्षेत्र के पूर्व जिप सदस्य तेंबु उरांव ने बताया कि बदरी गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेल कूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम होना है। कार्यक्रम के समापन के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी कृष्णनन से मुलाकात कर उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। राज्यपाल ने कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही है। मौके पर राज्यसभा सांसद समीर उरांव, सिवर्तिक भगत, राधारमण केरकेटा, समीर चौधरी आदि थे।

### स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करे नप : कंवलजीत

लोहरदगा। सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने शहर में विभिन्न मोहल्लों, चौक-चौराहों में स्ट्रीट लाइट की दयनीय स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आधे से ज्यादा स्ट्रीट लाइटे खराब है। उन्होंने नगर परिषद से दुर्गा पूजा एवं त्योहारों को देखते हुए अविलंब स्ट्रीट लाइटों को युद्ध स्तर पर मरम्मत एवं बदलने की मांग की है। सामाजिक विचार मंच नप प्रशासन से निवेदन करती है कि स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था पर युद्ध स्तर पर करें। जिले तक में डायरिया, मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू आदि बीमारियों का प्रकोप चरम पर है। इस ओर भी जिला प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

### 15 की जगह मिल रहा मात्र सात ट्रिप

लोहरदगा। बिमरला बाक्साइड माइंस की दयनीय स्थिति को लेकर लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के सहयोगी संगठन, झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, बिमरला के अध्यक्ष विनोद राम ने हिंडाल्को के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा है कि बिमरला माइंस में पांच-सात महीनों से समझौते के मुताबिक प्रति माह बारह ट्रिप नहीं दिया जा रहा है। बारह ट्रिप की जगह छह-सात ट्रिप प्रति माह ही दिया जा रहा है। इस स्थिति में ट्रक चलाना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा माइंस में रॉक ब्रेकर की व्यवस्था की जाये और माइंस में माल शिफ्ट करने वाले डंपर की भी कमी है, पीने की पानी की व्यवस्था भी सही नहीं है, सड़क की स्थिति जर्जर है। इन सब चीजों में 15 दिनों में सुधार करते हुए हमें प्रति माह बारह ट्रिप दिया जाये। अगर नहीं मिलता है तो हमलोग बेमियादी हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही हिंडाल्को कंपनी की होगी।

### विद्यार्थियों को दी गयी चुनाव प्रक्रिया और उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी



गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में मतदाता जागरूकता पर गुरुवार को कार्यक्रम किया गया। जिसमें कक्षा एकादश कॉमर्स के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। वीडियो से उन्होंने चुनाव प्रक्रिया और उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। बताया गया कि मतदाता बनने की पात्रता उम्र 18 वर्ष है। साथ ही मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया, वोट का मूल्य और बूथ लेवल आफिसर की भूमिका की भी जानकारी दी गयी। शिक्षक रामबली गुप्ता ने कहा कि आजादी के पश्चात लोकतंत्र का चयन आसान नहीं था। लेकिन इस देश के नागरिकों के वोट देने की दृढ़ता के कारण आज देश में लोकतंत्र इतना सशक्त है। दिव्या शर्मा ने विद्यार्थियों से मतदाता जागरूकता से संबंधित विविध प्रश्न पूछे और सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर शिक्षक अभिजीत झा, सुबोधकांत पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### अच्छी सेहत ही मनुष्य का सर्वोच्च धन : सूरज



गुमला। सूड़ी समाज गुमला व मेदांता अस्पताल रांची ने गुरुवार को सूड़ी धर्मशाला में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। जिसमें समाज के जिलाध्यक्ष सूरज साहू ने कहा कि अच्छी सेहत ही मनुष्य का सर्वोच्च धन है। इसी निमित्त सूड़ी समाज गुमला जांच शिविर लगाकर मानव समाज के प्रति एक सराहनीय कदम बढ़ाया है। जिससे जरूरतमंद लोगों को इसका भरपूर लाभ मिला। उन्होंने मेदांता अस्पताल से आये सुप्रसिद्ध चिकित्सक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ विनीत कुमार, कान-गला-नाक रोग विशेषज्ञ डॉ केके दास तथा जेनरल फिजिशियन डॉ पंकज कुमार सहित मौजूद स्वास्थ कर्मी को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे जांच शिविर में सुप्रसिद्ध डॉक्टरों की उपस्थिति सराहनीय है। मौके पर जिला सचिव संदीप प्रसाद, महिला जिलाध्यक्ष खुशबू साहु, संरक्षण विनय लाल, पंचू साहू, रविंद्रनाथ साहू, दिलीप नाथ साहू, मुकेश कुमार, महावीर प्रसाद साहू, मिथिलेश प्रसाद, रामेश्वर साहू, संजय कुमार, कृष्ण दास, राजेश कुमार सहित समाज के कई सदस्य, स्वास्थ्य कर्मी और जरूरतमंद मौजूद थे।

### घाघरा साप्ताहिक हाट में शराब बेचने वालों के खिलाफ पुलिस की छापेमारी



घाघरा। दशहरा के मद्देनजर गुमला एसपी के निर्देश पर घाघरा पुलिस ने गुरुवार की शाम साप्ताहिक हाट घाघरा में महुआ शराब बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी की। थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस दलबल के साथ साप्ताहिक हार्ट में अवैध रूप से महुआ शराब बेच रहे दुकान संचालक को सख्त चेतावनी दी। जहां शराब बेचने वाले व बैठकर दारू पीने वाले लोग भागते नजर आये। पुलिस द्वारा 30 लीटर महुआ दारू को जब्त करते हुए गिराकर नष्ट किया गया।

# दूसरों के प्रति नफरत की भावना खत्म करना ही दशहरा का उद्देश्य : डॉ वाघमारे

■ उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित लोग और बैठक की अध्यक्षता करते डीसी और एसपी।

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में दशहरा-2023 को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि दशहरा का त्योहार वर्षों से हम बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता रहा है। लेकिन वर्तमान स्वरूप में एक इंसान का दूसरे इंसान में पनपे नफरत को समाप्त करना ही दशहरा का मुख्य उद्देश्य है। यह त्यौहार एक दूसरे को जोड़ने वाला त्यौहार है।

लोहरदगा जिला में हमेशा से पर्व-त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने की परंपरा चली आ रही है, जो आगे भी बनी रहेगी। बीते कुछ वर्षों से लोहरदगा जिला ने शांति और सौहार्द की जो मिसाल कायम की है वह प्रशंसनीय है। इसका श्रेय जिला स्तरीय शांति समिति और प्रखंड स्तरीय शांति समिति के सदस्यों और आप सभी लोगों को जाता है। दशहरा पूर्वी भारत का सबसे बड़े त्यौहारों में एक है। सभी संप्रदाय के लोग एक-दूसरे के त्यौहारों में शामिल हों ताकि हमेशा एक दूसरे के प्रति सौहार्द और प्रेम का माहौल बना रहे।

### ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी

बैठक में दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी की व्यवस्था पूजा पंडाल के समितियों को करनी होगी। सभी मेला, विसर्जन, पूजा पंडालों की निगरानी ड्रोन के माध्यम से करायी जायेगी।

सभी थाना प्रभारियों को पूरी तैयारियों के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिया गया। पूजा समितियों के साथ प्रत्येक 2-3 दिनों के अंतराल पर एक बैठक जोनल दण्डाधिकारी द्वारा किये जाने का निर्देश दिया गया। सभी थाना क्षेत्र में लगनेवाले मेला में एक हेल्प डेस्क स्थापित किये जाने का निर्देश दिया गया। सभी पूजा पंडालों में साउंड सिस्टम का इस्तेमाल अधिकतम रात्रि 10 बजे तक ही किया जायेगा।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रमेश्वर प्रसाद, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी पुलिस निरीक्षक व थाना प्रभारी समेत विभिन्न पूजा समितियों के अध्यक्ष/ सचिव व विभिन्न समुदायों के लोग, जिला स्तरीय व प्रखंड स्तरीय शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### क्या बोले एसपी

पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां ने कहा कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग होने पर कार्रवाई होगी। सभी व्हाट्सअप, फेसबुक पेज या अन्य सोशल मीडिया का उपयोग करनेवाले एडमिन की जवाबदेही होगी कि वे किसी भी धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने वाले मैसेज पर रोक लगायें। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र में डीजे संचालकों के साथ आवश्यक बैठक कर लें और जरूरी शपथ पत्र ले लें। पंडालों की अनुज्ञप्ति में ही सभी मुख्य शर्तें अंकित हो। पूजा पंडालों में आवश्यक मानकों का पालन हो। अग्निशामक की व्यवस्था हो, बिजली हो, जरूरी पब्लिक एड्रेस सिस्टम हो। प्रवेश और निकास में सीसीटीवी कैमरे लगे हो। पंडालों की वजह से ट्रैफिक में व्यवधान ना हो। सभी थाना क्षेत्रों में दुर्गा पूजा मॉनिटरिंग कमेटी के लिए व्हाट्सअप ग्रुप का निर्माण कर लें और उसमें थाना प्रभारी, पूजा समिति के लोग और दंडाधिकारी रहेंगे। दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान पूजा समितियां अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले विसर्जन/मेला आदि में अपने वालेंटियर्स तैनात रखें। उत्पाद अधीक्षक को अवैध देसी शराब से संबंधित मामलों में त्वरित सूचना दें व कार्रवाई करें। पुलिस से संपर्क करें।

झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

# डबल इंजन सरकार ने बाजार समिति पंगु बना दिया : रवींद्र

■ झारखंड सरकार पुनः करेगी गठित, किसानों को मिलेगा लाभ, विभाग करेगा राजस्व की वसूली

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कान्फ्रेंस करते झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष व अन्य।

गुमला। झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष रवींद्र सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में झारखंड में कृषि बाजार समिति को भंग कर किसानों के साथ अन्याय किया गया। रघुवर दास सरकार के कार्यकाल में 2015 में कृषि बाजार समिति को भंग कर दिया गया। जिसे बाजार समिति के संपति पर दूसरों ने कब्जा कर लिया। कृषि बाजार समिति पूरे राज्य में पंगु हो गई। श्री सिंह गुरुवार को स्थानीय परिसदन में प्रेस वार्ता करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार फिर से कृषि बाजार समिति को पुनर्गठित कर रही है। जिसको लेकर नियामावली बनायी जा रही है। पूरे राज्य में कृषि बाजार समिति की स्थिति का वे दौरा कर रहें हैं। जिसका रिपोर्ट तैयार कर सीएम व कृषि मंत्री को देंगे। चार साल बाद इस पर ध्यान देने की बात पूछे जाने पर श्री सिंह ने कहा कि दो साल कोरोना काल था और उसके बाद सरकार इस दिशा में कार्य आरंभ की है। राज्य के किसानों को बाजार समिति से जोड़ने का अभियान आरंभ किया गया ताकि उनके उत्पाद का सही लाभ उन्हें मिल सके। क्योंकि झारखंड में किसान एक फसलीय खेती करते हैं।

**ये भी थे उपस्थित :** प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, आशिक अंसारी, अकील रहमान, दीपनारायण उरांव, राजनील तिग्गा, खालिद शाह, रोहित उरांव, आजाद अंसारी, हंदु भगत, तरूण कुमार, फिरोज आलम आदि थे।

# लोहरदगा: भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त सप्लायर समेत चार आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते एसपी।

लोहरदगा। जिले के सदर थाना पुलिस को भारी विस्फोटक के साथ चार लोगो को गिरफ्तारी करने में सफलता मिली है। गुप्ता सूचना के आधार पर सदर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव से पुलिस टीम ने अलग-अलग ठिकानों से छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक पदार्थ जब्त किया।

पुलिस कार्रवाई में विस्फोटक सप्लायर और खरीददार समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध विस्फोटक मामले में लोहरदगा पुलिस ने इम्तियाज अंसारी, समसाद अंसारी, सफीउल्ला अंसारी और आरिफ अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने बताया की गुप्त सूचना पर छापेमारी टीम गठित कर देर रात कारवाई की गई जिसमे 1079 पीस डोनेटर, 2294 पीस सेफ्टी फ्यूज और 16 किलो 500ग्राम अमोनियम नाइट्रेड और 224 पीस पावर जेल बरामद किया गया है।

### एयर गन मुंह में रखकर बच्चे ने चलाया, रिम्स रेफर

गुमला। हुसैननगर के तीन वर्षीय बच्चे ने घर में रखे एयर गन को अपने मुंह में डालकर चला दी। जिससे एयर गन की गोली उसके मुंह के जबड़े में फंस गयीं। तत्काल परिजन बच्चे को सदर अस्पताल लाये। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर उसे रिम्स रेफर कर दिया। घटना बुधवार रात 9 बजे की है। इसके बाद परिजन एंबुलेंस से बच्चे को रिम्स रांची ले गये। जानकारी के अनुसार घर में खेलते बच्चे को एयर गन मिला। जिसे वह अपने मुंह में डाल चला लिया।

## एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज के समारोह में टीम के खिलाड़ी सम्मानित

>> छत्तीसगढ़ के चांपा में आयोजित नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में टीम ने प्राप्त किया था तीसरा स्थान

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज में गुरुवार को समारोह आयोजित कर कॉलेज की नेशनल वॉलीबॉल टीम सम्मानित की गयी। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के चांपा में आयोजित अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कॉलेज की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था। समारोह में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल और सचिव अजय प्रसाद ने खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली वॉलीबॉल की टीम में सुजल बाखला, पुनीत उरांव, रोशन रवि, चरणजीत उरांव, रेहान फजल, प्रियांशु उरांव, निखिल भगत, हरीश उरांव, निशित उरांव, जितेश उरांव, अजीत भगत थे।

## योजनाबद्ध तरीके से होगा बाजार समिति का पुनर्गठन : रबींद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

■ झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष ने बाजार समिति व बाजार टांड़ का किया निरीक्षण



गुमला। झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष रबीन्द्र सिंह गुरुवार को गुमला पहुंचे। इस दौरान वे बाजार समिति एवं बाजार टांड़ का निरीक्षण किये। कहा कि राज्य भर में बाजार समिति के पुनर्गठन करने एवं वहां की वस्तुस्थिति से अवगत होने के उद्देश्य से झारखंड के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। जिसकी रिपोर्ट वह राज्य के मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री को सौंपेंगे। जिसे कृषि बाजार समिति का पुनर्गठन हो और राज्य के किसानों को लाभ मिले। कहा कि बाजार समिति के विकास को लेकर योजना तैयार होगी। गुमला स्थित बाजार समिति के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि बाजार समिति का भवन जर्जर अवस्था में है एवं वहां किसानों से ज्यादा व्यापारियो की अधिक दुकानें हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्र डुमरडीह से सरकारी संपत्ति चोरी



गुमला। थाना क्षेत्र के डुमरडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बीते रात चोरों ने चोरी की। जिसमें चोरों ने बच्चों को सुलाने के लिए रखा एक बेड व लोहे का बना साइन बोर्ड और एक बाल्टी चुरा ली। केंद्र की सेविका ज्योति तिग्गा ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाया जाता है और दोपहर में उन्हें भोजन कराया जाता है। इस कार्य हेतु में केंद्र सामग्री रखी गयी थी। रात्रि में अज्ञात चोरों ने एक बेड और एक साइन बोर्ड की चोरी कर ली। जिसकी जानकारी मुझे सोमवार सुबह लगी। पुन: मंगलवार रात एक बाल्टी की चोरी हो गयी। जिसकी जानकारी मुझे बुधवार को लगी है। उन्होंने घटना की लिखित सूचना गुमला थाना को देने की बात कही।

## नशा एक अभिशाप, बच्चे इससे रहें दूर: एसडीपीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

■ सांता पब्लिक स्कूल के आर्ट एंड क्राफ्ट के विजेताओं को एसडीपीओ ने किया सम्मानित



गुमला। सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला के बच्चों के बनाये आर्ट एंड क्राफ्ट, खूबसूरत पेंटिंग मटकों का गुरुवार को एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने जायजा लिया और विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें। गुमला एक खूबसूरत जिला है। यहां के लोग काफी अच्छे हैं। नशा एक अभिशाप है इससे दूरी बनायें। नशा के कारण ही अपराध होता है। अपराध समाज को दूषित करती है। उन्होंने स्कूली बच्चों को कहा ट्रैफिक रूल का पालन करें।

### खटवा नदी में डूबने से एक की मौत

गुमला। थाना क्षेत्र के पड़की टोली निवासी गजेंद्र उरांव (60) की खंटवा नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया गजेंद्र खेत की ओर काम करने गया था। शाम लगभग 5:30 बजे काम खत्म करने के पश्चात वह खटवा नदी में हाथ पैर धोने लगा। तभी फिसल कर नदी में डूब गया। वहीं आसपास खेत में काम कर रहे महिलाओं की नजर उसे पर पड़ी। इसके बाद ग्रामीणों को घटना की सूचना दी गई। ग्रामीण खटवा नदी पहुंचकर मृतक को बाहर निकाला।

## डहरबाटी के ग्रामीणों से रूबरू हुई नीरू शांति भगत

खबर मन्त्र संवाददाता



किस्को। प्रखंड के डहरबाटी में पूर्व विधायक सह झारखंड आंदोलनकारी स्व कमल किशोर भगत के द्वारा देखा गया सपना को साकार करने को लेकर गुरुवार को उनकी पत्नी नीरू शांति भगत वहा के लोगों से रूबरू हुई।

विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा कि उनके पति का सपना था डहरबाती डैम परियोजना को शुरू करना अब उनके इस अधूरे सपनों को वो पूरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जितने के बाद जितने भी ग्रामीण या सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां अभी तक बिजली वा रोड नहीं है वहा तक पहुंचने का कार्य आजसू साकार करेगी।

### मनरेगा लोकपाल ने ली योजनाओं की जानकारी



कैरो। गुरुवार को लोहरदगा लोकपाल इंदु तिवारी ने कैरो प्रखंड में बैठक कर मनरेगा के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं को जाना। जिसके बाद सढ़ाबे पंचायत के येड़ादोन में चल रही सिंचाई कूप, फील्डबंड, बागवानी का निरीक्षण करने के बाद पंचायत भवन में बैठक कर मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के बिभिन्न पंजियों का अवलोकन किया। और संबंधित रोजगार सेवक व पंचायत सेवकों से योजना व उसके पंजियों के बारे में विस्तृत जानकारी के बाद पंजियों को योजनाओं के अनुसार अच्छे से बनाने सहित कई दिशा निर्देश दिया। जिसके अनुसार 2017-18 से अबतक चल रही योजनाओं में अगर किसी तरह: की कमी रह गई हो तो उसे तत्काल सुधार करने और मास्टर रॉल में मनरेगा मजदूरों का सही सही हस्ताक्षर करने सहित गम्भीर विषयों में खास निर्देश दिया गया। मौके पर मुखिया सुमित्रा उरांव, एई राजीव कुमार, पंचायत सचिव जग्गू उरांव, रोजगार सेवक पंचम एतवा पहान, परवेज आलम, पवन कुमार, जगबन्धन भगत इत्यादि मौजूद थे।

प्रखंड और पंचायत कमेटी विस्तार को लेकर प्रभारियों का चयन

# जीवंती बाड़ा बनीं आजसू जिला महिला समिति की उपाध्यक्ष, मिन्हाज खान बने जिला प्रवक्ता

>> आजसू पार्टी की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक के बाद एकजुट आजसू कार्यकर्ता।

गुमला। आजसू पार्टी गुमला की आवश्यक बैठक गुरुवार को स्थानीय परिसदन में हुई। बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार सभी जिला में संगठन को मजबूत करने व जिला के सभी प्रखंड कमेटी पंचायत कमेटी एवं ग्राम कमेटी तक संगठन का विस्तार कर सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला था।

जिसको लेकर आज की बैठक में चर्चा की गयी और कई सदस्यों को जिम्मेवारी सौंपी गयी। बैठक में गुमला जिला में संगठन के पुनर्गठन के लिए प्रखंड प्रभारी चुने गये। जिसमें डुमरी प्रखंड का बोनिफास, चैनपुर का प्रमोद खलखो, जारी का सद्दाम हुसैन, बिशुनपुर का देवेंद्र सिंह खरवार, घाघरा का मिन्हाज खान और लक्ष्मी साहू, गुमला प्रखंड का प्रदीप सिंह, गुमला नगर का सुनील कुल्लू और आनंद कुमार गुप्ता, सिसई का मनदीप महली, भरनो का आनंद गुप्ता, बसिया व कामडरा का राहत अफजा, पालकोट प्रखंड का गोपीनाथ सिंह को मुख्य रूप से प्रभारी नियुक्त किया गया है।

जिनको 25 अक्टूबर तक प्रखंड कमेटी विस्तार कर सूची जिला के जिला अध्यक्ष को सौंपने का निर्देश दिया गया है। संगठन विस्तार क्रम में जीवंती बड़ा को महिला समिति का जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रवक्ता मिन्हाज खान को चयन किया गया। वैसे वरिष्ठ कार्यकर्ता जो पार्टी और संगठन के हित में समय देंगे पार्टी की सेवा में तत्पर रहेंगे।

# आर्यंस क्लब को हराकर एसी क्लब बना फुटबॉल टूर्नामेंट का चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता



प्राइज वितरण करते अतिथि।

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अंतर्गत नंदलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के खेल मैदान में नवयुवक संघ अरु द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन हुआ। आयोजित खेल प्रतियोगिता में क्षेत्र के 32 टीमों ने भाग लिया। वहीं फाइनल मैच के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव और मुखिया राजश्री उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ कराया। मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि श्री उरांव ने आयोजन कमिटी का आभार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों से कहा कि खेल से शाररिक व मानसिक विकास होता है। खिलाड़ी अपने रुचि अनुसार खेल का चयन कर खेलें और आगे बढ़ें क्योंकि खेल में भविष्य को संवारने की असीम संभावनाएं हैं। सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि हार कर घबराना नहीं चाहिये। जो हारता है, वही जीतता भी है।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर संरक्षक बिरसु कुजूर, अध्यक्ष सचिन सौरभ कुजूर, उपाध्यक्ष कुलदीप उरांव, सचिव अशरफुल अंसारी व फिरोज अंसारी, मंच संचालक रिजवान अंसारी के अलावे परवेज अंसारी, सफीक अंसारी, अर्जुन महतो सहित सैकड़ों खेल प्रेमी और दर्शक मौजूद थे।

खिलाड़ी अपने लक्ष्य को हासिल करते तक मेहनत करें। प्रतियोगिता का फाइनल मैच एसी क्लब बंसरी और आर्यन्स क्लब अरु के बीच खेला गया। जिसमें एसी क्लब बंसरी ने आर्यन्स क्लब अरु को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं प्रथम, द्वितीय और तृतीय तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त सभही टीमों को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि और ट्रॉफी देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### आज बाधित रहेगी बिजली

**लातेहार।** 13 अक्टूबर को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक शहर के विभिन्न इलाकों में क्रमवार बिजली सेवा बाधित रहेगी। इस संबंध में कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा एवं दीवाली को बिजली के तारों से सटे पेड़ों की टहनियों एवं अन्य मेंटनेंस कार्य किया जायेगा। इस कारण लातेहार शहरी क्षेत्र के रेलवे स्टेशन, करकट, मेन रोड, धर्मपुर, शिवपुरी एवं राजहार क्षेत्र में क्रमवार सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। उन्होंने बिजली से जुड़ी सभी आवश्यक कार्य सुबह में कर लेने का आग्रह किया है और असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है।

### चंदवा पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार चंदवा पुलिस की टीम के द्वारा गुरुवार की शाम लगभग 4 बजे चंदवा थाना प्रवेश द्वार के समक्ष एंटी क्राइम व हेलमेट जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान दर्जनों दो पहिया वाहकों की जांच की गई, जांच के क्रम में वाहन चालकों से कागजात, ड्राईविंग लाइसेंस व हेलमेट की जांच की गई साथ ही बिना हेलमेट बाइक चलाने व ट्रिपल राइड करने वाले बाइक चालको को सख्त हिदायत देकर छोड़ा। अभियान में एएसआई रंजय कुमार सिंह समेत दल बल के जवान शामिल थे।

### हरैया ठाकुरबाड़ी के पुजारी के निधन पर शोक

**चंदवा।** हरैया ठाकुरबाड़ी के पुजारी प. कृष्ण गोपाल दूबे के निधन पर गांव में शोक है। गुरूवार को भूषाढ़ नदीतट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। पुत्र रविकांत दुबे ने मुखाग्नि दी। उनके निधन पर लाल सदानंद नाथ शाहदेव, सत्यवान सिंह, संतोष सिंह, राजेश चंद्र पांडेय, पं. बालकृष्ण मिश्र, पं. घनश्याम भारद्वाज, प्रमोद जायसवाल, संतोष जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, सुबोध जायसवाल, राजकुमार केशरी, नुगलू पंडा, अनिल जायसवाल, इंदुभूषण पाठक, जेएन उपाध्याय, मुरारी पाठक, महेंद्र साहू, निर्मल भारती, सुधीर प्रसाद, दीपक भगत, कुलामन साव, उमेश जाययसवाल, गणेश प्रसाद, लक्ष्मण साव समेत अन्य ने शोक जताया है। बता दें कि स्व. दुबे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। एक दिन पूर्व बुधवार की मध्याहन अपने आवास में उन्होंने अंतिम सांस ली थी।

### जनसुनवाई में शामिल होंगे कृषि पशुपालन मंत्री

**चंदवा।** 14 अक्टूबर शनिवार को पथ निर्माण विश्रामगार परिसर में 2 बजे से 5 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी प्रखंड कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि इस जनसुनवाई में जरमुंडी विधायक सह मंत्री बादल पत्रलेख, कृषि पशुपालन मत्स्य एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के साथ साथ जिले के वरिय पदाधिकारी शिरकत कर समस्या को सुनेंगे। उन्होंने प्रखंड वासियों से अपील की है कि जनसुनवाई में भाग लें और अपनी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराएं।

### कुआं से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत बानालात ग्राम के बुचीडाढी स्थित खेत के कुएं से बारियातू पुलिस ने बुधवार रात्रि एक 35 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से कुएं से शव निकाल कर अपने कब्जे में लेकर गुरूवार को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। जिसकी पहचान हजारिबाग जिला के केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बुंडु ग्राम स्थित कल्याणपुर टोला निवासी रमेश बिरहोर (35) के रूप में किया गया।मिली जानकारी के अनुसार मृतक रमेश बिरहोर की शादी थाना क्षेत्र के बानालात ग्राम स्थित सिसई टोला में हुआ था। मृतक बीते 8 अक्टूबर को जिउतिया जतरा के अवसर पर अपने ससुराल आया था। और पर्व बीता कर अपने घर जाने की बात कह कर ससुराल से निकला था। की बुधवार को चरवाहों द्वारा दुर्गंध होने पर चरवाहों ने एक खेत के कुएं में जाकर देखा तो पाया कि किसी व्यक्ति का शव तैर रहा है। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा बारियातू पुलिस को सुचना दी गई, सुचना पा कर थाना के एसआई दीपक नारायण सिंह सह दलबल घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शव देखने से तीन चार दिन पुर्व का प्रतित होता है। अचानक हुई घटना से पुरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के पत्नी बसंती देवी ने थाना मे आवेदन देकर हत्या की बात बता कर जांच करने की मांग किया है।

### नेतरहाट थाना में किया गया शांति समिति की बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त एवं लातेहार पुलिस अधीक्षक के संयुक्त निर्देशानुसार नेतरहाट थाना परिसर में नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आने वाले त्योहारों के लेकर विचार विमर्श किया गया साथ ही कई प्रकार के दिशा-निर्देश दिया गया।कहा गया कि दशहरा का त्योहार आने वाला है इसे लेकर सरकार का जो निर्देश प्राप्त है उसी आधार पर त्योहार मनाना है।उस दिन जहां जहां से भी कार्यक्रम का आयोजन होता है या मूर्ति विसर्जन होता है वैसे स्थानों पर समिति के लोग सीसीटीवी लगाएं ताकि हर एक बात की जानकारी प्राप्त हो सके।और सोशल मीडिया में किसी तरह का भी भ्रामक खबर फैलाई जाती है तो इसकी सूचना तत्काल थाना को दें।भ्रामक खबर फैलाने वालों पर थाना पुलिस के द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रामीण एवं ग्राम प्रधानों ने अंडा अभियान का किया विरोध

# बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के बारियातु, पगार, जगतु, जेरुआ, दुन्दु स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को ग्रामीण एवं ग्राम प्रधानों के द्वारा एक-एक अंड्डा खिलाकर झारखंड सरकार के अंडा अभियान के उदासीन रवैया के खिलाफ विरोध किया गया। वहीं ग्रामीण एवं ग्राम प्रधानों ने कहा कि केवल लातेहार जिला के मनिका में हीं नहीं बल्कि झारखण्ड राज्य के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में राज्य सरकार आदिम जनजाति, आदिवासी, दलित, पिछड़ा और वंचित वर्ग के बच्चों को नहीं चाहती है इसलिए सरकार का मानसिक विकास होना जरूरी है। झारखंड सरकार के घोषणा करने से काम नहीं चलेगा हरहाल में अपने वादों को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि राष्टीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 में कानूनी प्रावधान है कि छह माह से 6 वर्ष के आयु के बच्चों को पोषाहार, समूह के बालकों की दशा में स्थानीय आंगनबाड़ी के माध्यम से आयु के अनुरूप निःशुल्क भोजन जिससे अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट पोषाहार सबंधी मानकों को पूरा किया जा सके। वहीं दुन्दु ग्राम प्रधान राजेश्वर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के भविष्य से खेलवाड़ कर रही हैं, राज्य सरकार को ध्यान आकर्षित करना चाहेंगे कि कई बार कैबिनेट के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में 6 दिन अंडा देने का निर्णय लिया गया है पर विभाग के द्वारा अभी तक लागू नहीं किया गया है हमेशा ही विभाग का उदासीन रवैया रहा है। वहीं सामाजिक कार्यकर्त्ता पचाठी सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रोटीन युक्त पोषाहार आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का मौलिक अधिकार है और इसको हर हालत में पूरा करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा की यह बच्चों के साथ बहुत बड़ी नाइंसाफी है कि उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्रों में अंड्डा से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार सप्ताह में 6 दिन अंड्डा देने कि घोषणा किए थे जिसे आज तक लागू नहीं किया गया है। वहीं सामाजिक कार्यकर्त्ता दिलीप रजक ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को मानसिक विकास से वंचित करना एक हिसाब से देश को कमजोर करना है। क्योंकि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं। ये परिस्थिति अकेले मनिका की नहीं है बल्कि पूरे राज्य की है। आंगनबाड़ी हीं एक ऐसा संस्थान है, जहां पर बच्चों का शारीरिक, मानसिक स्थिति मजबूत होता है। मौके पर प्रेमा तिग्गा,लालबिहारी सिंह, सुषमा देवी, भजेंद्र उरांव, राजेश्वर सिंह, दिनेश सिंह, रीना देवी, आरती देवी, साहेब सिंह, रामदेव सिंह, अमीर सिंह, रूपा देवी, सोनम देवी, अमरदियाल सिंह, सीमा देवी, प्रतिमा देवी, समेत कई लोग उपस्थित थे।


बच्चों को अंडा खिलाकर सरकार का विरोध जताते ग्रामीण व अन्य।

# एनटीपीसी लिमिटेड के 9वें स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** एनटीपीसी लिमिटेड तथा झारखंड सरकार के संयुक्त उद्यम पतरातू विद्युत उत्पादन निगम के 9 वें स्थापना दिवस के अवसर पर लातेहार सर्किट हाउस में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त हिमांशु मोहन,वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, पतरातू विद्युत ऊर्जा निगम लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रविंद्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। एनटीपीसी लिमिटेड तथा झारखंड सरकार के संयुक्त उद्यम पतरातू विद्युत उत्पादन निगम के 9वे स्थापना दिवस के अवसर पर सहायक कंपनी बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा प्रारंभिक सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत चंदवा प्रखंड कार्यालय, जिला लातेहार में ग्राम वासियों को कंबल वितरण किया गया तथा ग्राम चेतर पंचायत भवन में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 165 से अधिक स्थानीय निवासियों को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में राजीव रंजन अपर महाप्रबंधक/प्रभारी खनन, एम चंद्र सेगर अपर महाप्रबंधक खनन, आर बी सिंह अपर महाप्रबंधक सिविल, अमरेश राहुल उपमहा प्रबंधक खनन, जिवनेंदु महोपात्रा उपमहा प्रबंधक खनन, सिद्धार्थ शेखर उपमहा प्रबंधक खनन, विनेश कुमार वरिष्ठ प्रबंधक खनन, सुबोध जान पूर्ति वरिष्ठ प्रबंधक खनन, प्रवीण कुमार वरिष्ठ प्रबंधक खनन, एवं पीयूभीएनएल के अन्य कार्यपालक खनन आदि उपस्थित थे।



उपायुक्त को मोमेंटम देकर सम्मानित करते।

## एक नजर में

### आपसी भाईचारे के साथ दुर्गा पूजा मनाने की अपील


बैठक में शामिल अधिकारी व अन्य।

**गारू।** आगामी दुर्गा पूजा शांति एवं सौहार्द पुन: मनाने को लेकर गुरूवार को गारू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी शंभु राम ने कहा की हर वर्ष के भाति इस वर्ष भी आपसे सौहार्द पुन: एवं गाइडलाइन के अनुसार दुर्गा पूजा महोत्सव मनाया जाएगा। वही गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। पूजा के दौरान किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं दे, अफवाह से सावधान रहें, श्री भगत ने कहा कि आसामाजिक तत्व के द्वारा शांति भंग करने वाले को चिन्हित कर तुरंत ही थाना को सुचित करे। उपद्रवियों एव शराबियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। यदि पूजा के दौरान कोई भी व्यक्ति उपद्रव करते हुए पकड़े जाते हैं, तो उनपर कानुनी कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर जिप सदस्य जीरा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष कमरूद्दीन खलीफा, विजय कुमार, पवन कुमार, व मुखिया समेत जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### दुगार्पूजा समिति की बैठक में कमिटी गठित



**चंदवा।** प्रखंड के चेटर पंचायत अंतर्गत शिव मंदिर आन में दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर धर्मप्रेमियों की बैठक सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता आदित्य प्रसाद साहू ने की। बैठक में भव्य पंडाल निर्माण, साजो सज्जा, प्रकाश व्यवस्था का बेहतर प्रबंध करने का निर्णय लिया व सर्वसम्मति से विजयादशमी के दिन भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया व सफल संचालन को लेकर कमिटी का गठन किया गया। पूजा कमिटी का मुख्य संरक्षक राजेश कुमार भगत, संरक्षक कृष्णा प्रसाद भगत, आदित्य साहू, लाल बिहारी यादव, मंगलेश्वर ब्यास, ग्राम प्रधान झरी भुइयां, बलराम प्रसाद, गौरी शंकर प्रसाद भगत, भोला यादव, प्रयाग यादव, जंगबहादुर उरांव को बनाया गया। वहीं अध्यक्ष राजन भगत, उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, रविन्द्र प्रसाद व सुरेंद्र सिंह, सचिव नितेश कुमार यादव, सह सचिव राहुल कुमार, शुभम कुमार, कोषाध्यक्ष कमलेश यादव, कृष्णा प्रसाद साहू, सह कोषाध्यक्ष सुवाश लोहरा व मनीष यादव को बनाया गया, इसके अलावे राजेश भुइयां, सुजीत भुइयां, धीरेंद्र यादव, मिथिलेश यादव, सत्यनारायण सिंह, आदित्य यादव, उपेंद्र भुइयां, सुजीत यादव, ललन यादव, विजय प्रसाद भगत, पंचम यादव, राजेन्द्र यादव, जगदीश यादव, रंजीत यादव, अजय यादव, मणिलाल उरांव, विनोद उरांव, लखन उरांव को सक्रिय सदस्य बनाया गया है। जले के वरीय अधिकारी को करें, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### वन अधिकार कानून के क्रियान्वयन को लेकर रैली व जनसभा का आयोजन


वन पट्टा नही दिया गया तो 18 जनवरी से मुख्यालय में घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन शुरू किया जायेगाः कन्हाई सिंह

**लातेहार।** संयुक्त ग्राम सभा मंच व झारखंड वनाधिकार मंच के तत्वावधान मे गुरूवार को जिला मुख्यालय मे वन पट्टा की मांग को लेकर एक दिवसीय आक्रोश रैली निकाला गया। आक्रोश रैली शहर के बाजारटांड से प्रारंभ हुआ जो मेन रोड होते हुए समाहरणालय तक गयी, समाहरणालय पहुंच कर रैली एक सभा में तब्दील हो गयी। रैली में वन पट्टा हमारा अधिकार है, वन पट्टा देने मे देरी क्यों लातेहार डीसी जवाब दो, जल जंगल हमारा है जैसे नारे लगा रहे थे. सभा को संबोधित करते हुए बरवाडीह जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने अबुआ बीर दिशुम अधिकार कानून 2023 लाकर ग्रामसभा की शक्तियो को कमजोर किया जा रहा है जिसका विरोध जरूरी है। उन्होंने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 के अंतर्गत ही वन पट्टा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा दिसंबर माह तक जिले मे वन पट्टा नही दिया गया तो 18 जनवरी 2024 से जिला मुख्यालय मे घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन शुरू किया जायेगा। सरयु प्रखंड के जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने कहा कि जिले मे एक भी वन संसाधनों पर अधिकार सीएफआरआर के तहत दावा का अधिकार पत्र निर्गत नही किया गया है जो गलत है। उन्होंने कहा कि जिला में परपंरागत वन निवासियों के वन अधिकार के दावा को कानून की गलत व्याख्या देकर उसे निरस्त किया जा रहा है। सभा के बाद उपायुक्त को संबोधित 10 सूत्री मांग पत्र अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा गया। कार्यक्रम में कन्हाई सिंह के साथ बालकेस्वर उरांव वुधेश्वर उरांव सेलेसटिन कुजूर समेत सैकड़ों लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### बीडीओ मेघनाथ उरांव को दिया गया विदाई


विदाई समारोह में अधिकारी व अन्य।

- सीओ ने बीडीओ का भी लिया प्रभार
- विदाई समारोह में एक दूसरे से जुदा होने का गम छलक रहा था

**लातेहार।** प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में विदाई एवं स्वागत समारोह का गुरुवार को आयोजन किया गया । मनरेगा कर्मियों द्वारा विदाई एवं स्वागत समारोह आयोजित की गई थी। वहीं कार्यक्रम के संचालन बीपीओ केतन गुप्ता ने किया। वही निवर्तमान बीडीओ मेघनाथ उरांव ने नए बीडीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो को बुके देकर स्वागत किया। वहीं सदर प्रखंड के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने पदभार ग्रहण किया। तत्पश्चात उन्होंने कहा कि जनता की हर समस्याओं का स-समय निदान किया जाएगा लोगों की समस्याओं को समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। बिचौलियों को कभी पनपना नहीं दिया जाएगा उन्होंने आम जनता से सहयोग करने का आग्रह किया। वही इस समारोह में देखा गया कि विदाई समारोह में एक दूसरे से जुदा होने का गम छलक रहा था। विदाई समारोह कार्यक्रम पदाधिकारी बीपीओ केतन गुप्ता ने कहा कि मेघनाथ उरांव प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में 2 वर्ष से अधिक समय बिताए। आम लोगों सहित जनप्रतिनिधियों कर्मियों के साथ काफी अच्छे व्यवहार रखते हुए कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस दौरान पूर्व बीडीओ मेघनाथ उरांव ने कहा कि मैं जितने दिन तक यहां पर विकास कार्य किया, जनप्रतिनिधि व जनता के बीच एक सेतु बनकर काम किया। वहीं नए बीडीओ के रूप में अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो को ही बीडीओ मेघनाथ उरांव ने पदभार सोंपा। इस मौके पर डीएसओ, प्रमुख, उप प्रमुख आदि सहित सभी पंचायत के मुखिया वार्ड सदस्य मनरेगा कर्मी उपस्थित रहे।

## दुर्गापूजा शांतिपूर्वक मनाने को लेकर हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातु।** थाना परिसर में दुगार्पूजा शांतिपूर्ण व सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर गुरूवार को शांति समिति की बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने किया। जबकि बैठक में बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी मौजूद रहे। वहीं बारियातू, फुलसु, डाढा, साल्वे, टोंटी हेसला, गोनिया, शिबला, राजगुरु, बालुभांग सहित कई जगहों के पूजा समिति के अध्यक्षों ने भी शामिल हुए। बैठक में सीओ ने बारी-बारी से सभी पूजा समितियों से पूजा को सफल संचालन के बारे में जानकारी ली साथ ही सभी पूजा समितियों से रूट व विसर्जन के संबंध में तालाब आहर के बारे मे विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। वहीं थाना प्रभारी चौधरी ने कहा पूजा के दौरान हुंडदंगियो पर विशेष नजर रहेगी। दुर्गा पूजा में भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी। सभी पूजा कमिटीयों को पूजा पंडाल तथा विसर्जन स्थल पर लाइटिंग की व्यवस्था सुद्दढ रखने का दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही कहा की पूजा के दौरान अश्लील गाना व किसी धर्म को ठेस पहुंचाने वाले गाना बजाने पर दंडित किया जाएगा। पूजा के अंतिम दिन आर्ती के लिए दो घंटे मुख्य सड़क पर बड़ी वाहनों को रोका जाएगा। पूजा सफल संचालन के लिए बारियातु पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले लोगो पर पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने लोगो से त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी ने कहा कि बारियातु के सभी धर्म के लोग हर त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाता आया है। यह त्योहार भी आपलोग के सहयोग से सफल होगा। मौके पर राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, मिथलेश कुमार सिंह, राजकिशोर प्रसाद, संतोष कुमार पाठक, राजेन्द्र गंझु, रिगन कुमार, आशिस नाथ शाहदेव, फुलचंद गंझु, अजय यादव, कामेश्वर प्रजापति, राकेश कुमार, इश्वरी प्रसाद, मो ओजैर, छोटु कुमार, मदन कुमार सोनी, चिंटु प्रसाद, पिंटु केसरी, सहीत कई लोग मौजूद रहे।


शांति समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी व अन्य।

## भैंसुर ने अपने छोटे भाई की पत्नी को मार डाला

## छोटे भाई की मृत्य होने के बाद भैसूर के साथ महिला रिलेशनशिप में रहती थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के अक्सी पंचायत के ग्राम तंबोली में सुशीला देवी पति स्वर्गीय पुरनदेव खेरवार की हत्या खुद के भैंसुर भरन खेरवार ने कर दी।

**क्या ममाला है?**

छोटे भाई की मृत्य के बाद महिला भैंसुर के साथ रिलेशनशिप में रह रही थी। पूर्व में भी भैंसुर द्वारा मारपीट किया जाता था। 10 अक्टूबर मंगलवार को मृतक महिला दोपहर को घर के बाहर बैठी हुई थी। इस दौरान भैंसुर घर पर आये और घर के अंदर चलने की बात कही। इस बात को लेकर दोनो मे कहा सूनी होने पर भैंसुर द्वारा महिला के कमर पर एक लात मारी गई। जिस कारण चापाकल के पक्का फर्स पर गिरने से महिला के चेहरे व सिर में काफी चोट आई। जिससे महिला दर्द से बीमार हो गई। वही दूसरे दिन बुधवार दोपहर शौच के लिए बाहर निकली तो खेत पर गिरने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा थाने को सूचना देने पर घटना स्थल जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## बरवाडीह रेलवे कॉलोनियों में अनियमित पानी आपूर्ति के खिलाफ कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

# आईओडब्लू के आवास में चौबीस घंटे होती है पानी की सप्लाई

- कर्मचारियों ने आईओडब्लू के विरोध में चलाया हस्ताक्षर अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे कॉलोनियों में बीते आठ महीने से रेल कर्मचारियों व उनके परिवार को रेल प्रशासन द्वारा नियमित रूप से पानी आपूर्ति नहीं किए जाने से कर्मचारियों का आक्रोश चरम पर है। पानी की किल्लत झेल रहे रेल कर्मचारियों ने कई बार आईओडब्लयू विवेकानंद बासु को इस विकट समस्या से अवगत कराया। बावजूद इसके हालात में किसी प्रकार का सुधार नहीं होता देख गुरुवार को रेल कर्मचारियों का गुस्सा फुट पड़ा। बरवाडीह के सैकड़ो कर्मचारियों ने दूरभाष और सोशल मीडिया के माध्यम से ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के शाखा सचिव सुनील सिंह को मामले की सूचना दी। जिसके बाद सुनील सिंह ने शाखा के पदाधिकारियों को कर्मचारियों के बीच जाने का निर्देश दिया और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने की बात कही। जिसके उपरांत कर्मचारियों ने ईसीआरकेयू के कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार के साथ पानी की समस्या को लेकर आइओडबल्यू के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया और ईसीआरकेयू के माध्यम से धनबाद रेल मंडल प्रबंधक (डीआरएम) के नाम एक मांगपत्र भेजने की बात कही। मांगपत्र में कर्मचारियों ने बताया कि नदी में पर्याप्त मात्रा में पानी होने के बावजूद भी कॉलोनियों में आपूर्ति शून्य के बराबर है। वहीं दूसरी ओर आईओडबल्यू बरवाडीह के क्वाटर में 24 घंटे पानी की आपूर्ति होती आ रही है। अन्य कर्मचारियों के क्वाटर में पानी आता भी है तो वह पूरी तरह गंदा होता है। ऐसे में बरवाडीह के 1200 रेल कर्मी जो दिन रात रेल सेवा में लगे हुए है, और माल ढुलाई में धनबाद मंडल को नंबर एक पर लाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहें है। वह नियमित रूप से पानी नहीं मिलने के कारण मानसिक रूप से परेशान रहते है, जो की रेल कर्मचारियों की सरंक्षा और सुरक्षा एक दृष्टि कोण से कही से भी उचित नहीं है। वहीं आईओडब्ल्यू से कई बार इस समस्या का समाधान करने की मांग की गई पर वह हम सबकी बातों को इस तरह अनसुना कर देते है, जैसे की उनका रेल कर्मचारियों और उनकी समस्याओं से कोई लेना देना ही नहीं है। कर्मचारियों ने डीआरएम से नियमित पानी सप्लाई कराने की गुहार लगाई है।


अनियमित पानी आपूर्ति को लेकर आक्रोशित रेलकर्मी।

### मामले से वरीय अधिकारियों को कराया गया है अवगत : सुनील सिंह

वहीं इस संबंध में ईसीआरकेयू के शाखा सचिव सुनील सिंह ने कहा कि मामले की संबंध में दूरभाष पर वरीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को पीएनएम की बैठक में भी रखने की बात कही है। मौके पर इसीआरकेयू के कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार, युवा अध्यक्ष उपेंद्र पाल, युवा सचिव ऋषि राज, संगठन मंत्री सरोज सिंह, उपाध्यक्ष अभिमान श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार, संजय कुमार रंजित कुमार, धनंजय कुमार, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, मनीष कुमार, राजन कुमार, नवनीत कुमार, संतोष कुशवाहा, राजू तिर्की, धर्मवीर भारती, देवनंदन आर्या, इनायत करीम, संतोष सिंह, शिवजी सिंह, संकेत कुमार, एमके पटेल, राहुल पांडेय, एसके सिंह, जीके पटेल और उज्ज्वल कुमार समेत सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित थे।

